रोहतक

शुक्रवार, 1 अगस्त 2025

श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 182
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 32.0
न्यून. 23.7

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,185.58 | 296.28 ▼ |
| निफ्टी | 24,768.35 | 86.70 ▼ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 98,020/- | 500/- ▼ |
| चांदी | 1,12,000/- | 2000/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 87.58 | 22 पैसे ▲ |

क्रूड ऑयल 72.70 बैरल 0.74% ▼

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

# प्रदेश के कई जिलों में बारिश, यमुनानगर-गुरुग्राम में दो की मौत

## हिसार में 150 साल पुरानी इमारत गिरी, सड़कों पर भरा पानी, गाड़ियां-मोटरसाइकिल बंद हुए, मौसम विभाग का दावा-5 अगस्त तक ऐसा ही रहेगा मौसम

हिसार में झमाझम बारिश होने से सड़कें बनी तालाब।



हरिभूमि टीम ▸▸ हरियाणा

प्रदेश के करीब 12 जिलों में गुरुवार को झमाझम बारिश हुई। इसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सड़कों पर जलभराव होने से गाड़ियां आधी से ज्यादा पानी में डूब गईं, कई जगह स्कूटर और मोटरसाइकिल बंद हो गई। गुरुग्राम, हिसार और पानीपत में तेज बारिश हुई। गुरुग्राम और यमुनानगर में डूबने से बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई। गुरुवार को कुरुक्षेत्र, सोनीपत, जींद, महेंद्रगढ़-नारनौल, फतेहाबाद, अंबाला, यमुनानगर, सिरसा, रेवाड़ी, चरखी दादरी और झज्जर में हल्की से लेकर मध्यम और तेज बारिश दर्ज की गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के चंडीगढ़ मौसम केंद्र के मुताबिक, मुताबिक प्रदेश में 5 अगस्त तक बारिश की संभावना है। गुरुग्राम में तेज बारिश से सुभाष चौक पर जलभराव में कारें डूब गईं। एंबियंस मॉल के सामने एनएच-40 पर बारिश का पानी आने से यह नदी जैसा बन गया है। यहां के सिविल अस्पताल के भीतर भी पानी गिरने लगा है। गुरुग्राम में नेशनल हाईवे पर नरसिंगपुर के पास जलभराव हुआ है। जिस वजह से हाईवे पर एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इसके कारण ऑफिस जा रहे लोग लेट हुए।

### घरों में घुसा पानी

हिसार में निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल के घर में पानी घुस गया। उनके घर के बाहर भी 3 फुट पानी जमा हो गया है। हिसार के हांसी में बस स्टैंड में भारी जलभराव हुआ है। हिसार में गांधी चौक के पास तहसील रोड पर अंग्रेजों के जमाने की 150 साल पुरानी बिल्डिंग गिर गई है। पानीपत में निगम कार्यालय के साथ विधायक प्रमोद कुमार विज के कार्यालय के बाहर भी पानी जमा हो गया है।

### पूरे प्रदेश में बारिश होगी

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने कहा कि मानसून टर्फ की उत्तरी सीमा अब श्री गंगानगर, रोहतक, बांदा, सीधी, रांची, डायमंड हार्बर से उत्तरपूर्व बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। अब यह मानसून टर्फ रेखा उत्तर की तरफ बने रहने की संभावना है जिससे नमी वाली मानसूनी हवाएं बंगाल की खाड़ी से लगातार आने की संभावना से हरियाणा राज्य में मानसून अगस्त के प्रथम सप्ताह में भी एक्टिव बने रहने की संभावना है। जिससे राज्य के सभी क्षेत्रों में 5 अगस्त तक बारिश की संभावना है। इस दौरान बीच-बीच में अरब सागर की तरफ से भी नमी वाली हवाएं भी आने की संभावना से पश्चिमी हरियाणा के जिलों में कहीं कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

### युवक का शव मिला

गुरुग्राम में बुधवार रात डूबे युवक की लाश मिल गई है। यह लाश चंदू बुढेड़ा गांव के पास गुरुग्राम कैनाल के पास मिली। बॉडी फूलने की वजह से ऊपर आ गई थी। मरने वाला 24 साल का खड़क सिंह है। वह छोटूराम चौक, अशोक विहार फेस 3 का रहने वाला है। वह दोस्त के साथ यहां आया था। फिर वह नहाने गया तो गहरे पानी में बह गया।

### पांच साल के बच्चे की मौत

यमुनानगर में नाले से 5 साल के बच्चे का शव बरामद हुआ है। बच्चा बुधवार देर रात से लापता था। जिसके बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। मृतक बच्चा कामी माजरा का रहने वाला प्रिंस था। वह 5 बहनों का इकलौता भाई था।

# मानसून के दूसरे चरण में सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान

**आईएमडी का दावा-अगस्त व सितंबर में अच्छी बारिश होगी | अर्थव्यवस्था, खेती, संरक्षण और जल को मिलेगा लाभ**

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

भारत में मानसून ऋतु के दूसरे चरण (अगस्त और सितंबर) में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने एक ऑनलाइन प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के आसपास के इलाकों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में अगस्त में सामान्य बारिश होने का अनुमान है। सितंबर में बारिश सामान्य से अधिक होने का अनुमान है। देश में मानसून के पहले चरण यानी जून और जुलाई में सामान्य से अधिक वर्षा हुई तथा विशेषकर हिमाचल प्रदेश समेत कुछ राज्यों में अचानक बाढ़ आई।

### मानसून कृषि की रीढ़

भारत में मानसून कृषि क्षेत्र की रीढ़ है जो लगभग 42 प्रतिशत आबादी की आजीविका का आधार है और देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 18.2 प्रतिशत का योगदान करता है। इसके अलावा, यह पीने के पानी और बिजली उत्पादन के लिए जलाशयों को भरने में भी अहम भूमिका निभाता है।

### 31 जुलाई तक 474.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई

भौगोलिक दृष्टि से, देश के ज्यादातर भागों में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है। पूर्वोत्तर के कई भागों और पूर्वी भारत के समीपवर्ती क्षेत्रों के अलावा मध्य भारत के कुछ क्षेत्रों और प्रायद्वीपीय भारत के दक्षिण-पश्चिमी भागों में सामान्य से कम वर्षा होने का अनुमान है।' देश में एक जून से 31 जुलाई तक 474.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि सामान्य आंकड़ा 445.8 मिमी है।

### भारी वर्षा की 624 घटनाएं

आईएमडी प्रमुख ने बताया कि इस दौरान देश में भारी वर्षा की 624 और अत्याधिक वर्षा की 76 घटनाएं दर्ज की गईं, जो पिछले पांच वर्षों में सबसे कम हैं। महापात्र ने कहा, 'पूर्वोत्तर भारत में लगातार पांचवें साल सामान्य से कम वर्षा हुई है। पिछले 30 वर्षों में इन राज्यों में वर्षा की गतिविधियों में गिरावट दर्ज की गई है।' मई में आईएमडी ने अनुमान जताया था कि जून से सितंबर के दौरान भारत में दीर्घकालिक औसत 87 सेंटीमीटर वर्षा के 106 प्रतिशत के बराबर वर्षा हो सकती है। यह औसत पिछले 50 वर्षों पर आधारित है। 96 से 104 प्रतिशत के बीच की बारिश को सामान्य माना जाता है।

# एचटेट खत्म होते ही ऑन्सर की जारी, अगस्त के तीसरे सप्ताह तक आएगा परिणाम!



1 से 03 अगस्त तक दर्ज होगी ऑनलाइन आपत्ति

**आपत्ति दर्ज करवाने वाले को एक हजार रुपये देने होंगे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

प्रदेश में 2 दिन तक चली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2024 लेवल-1 (पीआरटी), लेवल-2 (टीजीटी) व लेवल-3 (पीजीटी) गुरुवार को खत्म हो गई। यह परीक्षा तीन शिफ्टों में हुई, इसमें करीब 4 लाख परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा खत्म होते ही बोर्ड ने सभी विषयों की ड्राफ्ट उत्तरकुंजी यानी आंसर-की जारी कर दी है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा कि आंसर-की बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अगर कोई किसी प्रश्न के उत्तर पर कोई आपत्ति दर्ज कराना चाहे तो सबूतों के साथ 1 से 3 अगस्त के तक ऑनलाइन दर्ज करा सकता है। इसके लिए 1 हजार रुपये जमा कराने होंगे। अगर आपत्ति सही पाई गई तो फीस के तौर पर लिए 1 हजार रुपये वापस लौटा दिए जाएंगे। इसके बाद अगस्त के तीसरे सप्ताह तक रिजल्ट घोषित करने की कोशिश करेंगे। बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट **www.bseh.org.in** पर ऑन्सर की 31 जुलाई शाम से सार्वजनिक कर दी गई है।

### कड़ी रही सुरक्षा

एग्जाम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए परीक्षा के दौरान केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू कर भीड़ इकट् ठी होने पर रोक लगाई गई थी। आसपास की फोटो स्टेट की दुकानें भी बंद कराई गई थीं। वहीं पहली शिफ्ट में चेकिंग के दौरान नारनौल में एक युवक को कानों में चांदी की बालियां पहनी होने की वजह से एंट्री नहीं मिली। जिसके बाद कर्मचारी ने उन्हें उतार दिया। महेंद्रगढ़ के अटेली से एग्जाम देने पहुंची पुष्पा यादव की नाक में नोज पिन फंस गई। उन्हें एंट्री से रोकते हुए इसे निकलवाने को कहा गया। पुष्पा ने कहा कि उन्होंने कर्मचारियों को कहा कि टेप लगा दो, लेकिन उन्होंने कहा कि हमारे पास टेप भी नहीं है।




## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने 140 करोड़ जनता का दिल दुखाया : बड़ौली

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा प्रदेश के सभी 377 मंडलों में तिरंगा यात्रा निकालेगी। उन्होंने कहा कि विभाजन विभीषिका पर 14 फरवरी को फरीदाबाद में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम होगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समेत मंत्री, विधायक और प्रदेश के कार्यकर्ता शामिल होंगे। विभाजन विभीषिका पर जिला स्तर पर भी कार्यक्रम होने हैं। बड़ौली गुरुवार को प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस को भी घेरा और कांग्रेस को देश की 140 करोड़ जनता का दिल दुखाने वाली पार्टी बताया। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि देश की जनता का कांग्रेस से मोह भंग हो चुका है।

### यूरिया और डीएपी खाद की कालाबाजरी रोकें : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में डीएपी और यूरिया खाद को लेकर कई जगहों पर प्रदर्शन हो रहे है जिनमें हिसार, पिहोवा, सिरसा और महेंद्रगढ़ प्रमुख हैं। किसानों ने डीएपी और यूरिया की कमी, कालाबाजारी, और बढ़ी हुई कीमतों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। स्वयं को किसान हितेषी होने का दावा करने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है। न तो सरकार खाद की कालाबाजारी रोक पा रही है और न ही खाद की कमी को दूर कर पाई है।

### स्वास्थ्य मंत्री आरती का अफसरों से मंथन, मरीजों का उपचार बंद नहीं होगा

# निजी अस्पतालों को आयुष्मान का बकाया 500 करोड़ रुपये देने की तैयारी, 224 करोड़ मंजूर

योगेंद्र शर्मा ▸▸| चंडीगढ़

निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों के उपचार का बकाया नहीं मिलने से परेशान अस्पताल संचालकों द्वारा उपचार बंद करने की चेतावनी का मामला प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव तक पहुंच गया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा आयुष्मान कार्ड धारकों का सात अगस्त से इलाज बंद करने की चेतावनी को लेकर सेहत मंत्री राव ने अफसरों के साथ में विचार मंथन किया है। जिसके बाद में उन्होंने साफ कर दिया है कि उपचार बंद नहीं किया जाएगा। बकाया राशि और अस्पतालों को लेकर मंथन के बाद पूरा ब्योरा लेने के बाद में मंत्री ने साफ कर दिया है कि किसी भी गरीब का निजी अस्पताल में इलाज बंद नहीं होगा और निजी अस्पतालों को लंबित बकाया राशि का भुगतान जल्द ही कर दिया जाएगा। अस्पतालों के करीब 500 करोड़ रुपये बकाया हैं, फिलहाल सरकार ने 224 करोड़ स्वीकृत भी कर दिए हैं। राव ने कहा कि आईएमए प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर ली जाएगी और सात अगस्त से पहले-पहले विवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग में आयुष्मान योजना के तहत गरीबों के इलाज का बजट बढ़ाने पर मंथन शुरू हो गया है।

यहां पर बता दें कि सरकार की ओर से 800 करोड़ का बजट निर्धारित किया है, जबकि आइएमए की मांग है कि 2000 करोड़ का बजट निर्धारित किया जाए और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ में वार्ता कर जल्द ही फैसला लिया जाए।

मंत्री आरती राव ने कहा कि आयुष्मान के तहत गरीबों को पांच लाख तक का मुफ्त उपचार दिए जाने की की सुविधा है। आयुष्मान कार्ड धारक सरकारी और प्राइवेट अस्पताल में उपचार करा सकते हैं। वहीं एसोसिएशन के हरियाणा चैप्टर अध्यक्ष डॉक्टर महावीर पी जैन, पूर्व प्रधान डॉ. अजय महाजन, महासचिव डॉ. धीरेंद्र के सोनी और आइएमए आयुष्मान प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरेश अरोड़ा ने बताया कि सरकार को पत्र लिखा गया है, जिसमें सात अगस्त से आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज नहीं करने के चेतावनी दे रखी है।

#### हर माह 80-90 करोड़ के बिल जमा



अस्पतालों की ओर से हर महीने करीब 80-90 करोड़ रुपये के बिल जमा करवाएं जाते हैं। आईएमए पदाधिकारियों ने बकाया भुगतान में देरी पर नाराजगी जाहिर की है, साथ ही कहा कि पूर्व में भी बकाया लेने के लिए निजी अस्पतालों को लंबा इंतजार करना पड़ा था, साथ ही उपचार बंद कर देने की चेतावनी के बाद भुगतान हुआ था। नियमित भुगतान की मांग लंबे समय से की जा रही है। लेकिन हर बार भुगतान में 4 से 5 माह की देरी की जाती है। यहां पर बता दें कि इस साल 8 जनवरी को मुख्यमंत्री नायब सैनी से बैठक में 15 दिन में भुगतान का आश्वासन मिला था। जिसके बाद में 3 फरवरी को मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने भी सारी बात सुनने के बाद से मार्च से इसे नियमित करने के आदेश जारी कर दिए थे। लेकिन एक बार फिर से मामला लटका हुआ है।

#### 2000 करोड़ से अधिक का बजट निर्धारित करे सरकार




आईएमए पदाधिकारियों ने बताया कि जनवरी में भी 400 करोड़ के बकाया को लेकर 3 फरवरी से सेवाएं बंद करने की चेतावनी दी थी। पदाधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत दी जाने वाली राशि को बढ़ाकर 2000 करोड़ से अधिक करना चाहिए। स्वास्थ्य सेवाओं महानिदेशक डॉ. मनीष बंसल ने कहा, सरकार से हमें हर तिमाही में भुगतान की राशि मिलती है और बकाया राशि के लिए मांग भेजी है, मिलते ही तुरंत अस्पतालों को भुगतान कर देंगे। वैसे, सूत्र बताते हैं कि सरकार ने 224 करोड़ की राशि स्वीकृत कर दी है, जिसे जल्द अस्पतालों को वितरित किया जाएगा।

#### बैठक बुलाई

### चेतावनी के बाद जागे अफसर

हरियाणा में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जुड़े लगभग 6 सौ निजी अस्पतालों की ओर से चेतावनी देने के बाद में सेहत विभाग के संबंधित अफसर जाग गए हैं। मंत्री ने पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए गत दिवस एक बैठक भी बुलाई। इस दौरान बताया गया कि लगभग 500 करोड़ की राशि लंबित चल रही है, साथ ही निजी अस्पताल संचालकों ने 7 अगस्त से इलाज बंद करने का फैसला भी कर लिया है। अगर 15 जुलाई तक लंबित भुगतान 7 अगस्त से पहले नहीं किए गए, तो सेवाएं देना संभव नहीं होगा।

#### लोकसभा में सैलजा ने मुद्दा उठाया था

सिरसा सांसद सैलजा ने मामला लोकसभा में उठाया था और मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा, यह योजना गरीबों के लिए जीवन रेखा है। अगर सेवाएं बंद हुईं, तो संकट पैदा हो सकता है। सैलजा ने सीएम से तुरंत ही इस तरफ ध्यान देने की मांग की है।

### भाजपा ने अनिल विज को किसी हलके की जिम्मेदारी नहीं दी

# विज बोले- मैं सबसे वरिष्ठ विधायक हूं, इसलिए जल्द पूरे हरियाणा का दौरा करूंगा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़



ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बडा बयान देते हुए कहा कि ''मैं सबसे वरिष्ठ विधायक हूं, मैंने सारा हरियाणा देखना है, इसलिए मैं जल्द ही सारे हरियाणा का दौरा शुरू करने वाला हूं तथा नए व पुराने कार्यकर्ताओं से मिलने वाला हूं और उनका हालचाल पूछने वाला हूं। विज ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो अधिकारी सरकार की योजनाओं को लागू नहीं कर रहे हैं मैं उनका भी हालचाल पूछने वाला हूं। विज पत्रकारों द्वारा गत दिनों भाजपा विधायक दल की बैठक में विधायकों व मंत्रियों को हलके आवंटित करने के दौरान सात बार के विधायक अनिल विज का नाम सूची से बाहर है, के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। विज ने कहा कि मैं सबसे वरिष्ठ विधायक हूं, मैंने सारा हरियाणा देखना है, जबकि बाकी विधायकों को एक-एक हल्का दिया है। उन्होंने कहा कि मैं सात बार विधानसभा का चुनाव जीता हूं और जल्द ही मैं सारे हरियाणा का दौरा शुरू करने वाला हूं तथा जगह-जगह पर जाकर नए और पुराने कार्यकर्ताओं से मिलने वाला हूं और उनका हालचाल पूछने वाला हूं। विज ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो अधिकारी सरकार की योजनाओं को लागू नहीं कर रहे हैं मैं उनका भी हालचाल पूछने वाला हूं।

### विस 12 को करवाएगी पत्रकारिता संबंधित कार्यशाला

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा द्वारा पत्रकारिता से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 12 अगस्त को चंडीगढ़ के सेक्टर-3 स्थित हरियाणा निवास में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषाधिकारों की समझ, पत्रकारिता में नैतिकता, विधायी कामकाज, समिति रिपोर्ट्स, सार्वजनिक दस्तावेज़ आदि की व्याख्या तथा समझ, मीडिया ब्रीफिंग और अनुभव साझा करना शामिल हैं। इस वर्कशॉप में विधायी कामकाज के महत्व तथा रिपोर्टिंग के नॉर्म्स जानने तथा समझने का अवसर मिलेगा।

## पीएम मोदी और शाह से मिले राज्यपाल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़





हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल के साथ लेडी गवर्नर मित्रा घोष भी मौजूद थी। राज्यपाल प्रोफेसर असीम घोष ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रिया अदा करता हूंकि उन्होंने मुझ पर जो जिम्मेदारी और भरोसा जताया है। मैं उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की निरंतर कोशिश करूंगा, क्योंकि मैं यहां हरियाणा के लोगों की पूरी लगन और ईमानदारी से सेवा करने आया हूं। प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर मुझे बहुत शिक्षा मिली। उन्होंने मुझे मार्गदर्शन और सुझाव दिए, जो हरियाणा के प्रशासन के संबंध में मेरे लिए बहुत उपयोगी रहेंगे। हरियाणा को आगे बढ़ाने के लिए किया जाएगा।

## कलेक्टर रेट में की गई बढ़ोतरी को वापस ले सरकार : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कलेक्टर रेट में हुई बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक बार फिर जमीनों के रेट आसमान पर पहुंचने वाला फैसला लिया है। सरकार द्वारा सीधे 10 से लेकर 145 प्रतिशत यानी ढाई गुणा तक बढ़ोतरी कलेक्ट्रेट में की है। उदाहरण के तौर पर फतेहाबाद के एक इलाके में जमीन का रेट 15000 से बढ़कर सीधे 35000 रुपए प्रति वर्ग गज हो गया है। 2024 में ही सरकार ने इस रेट में भारी बढ़ोतरी की थी। तब भी सरकार ने कई जगह तो कलेक्टर रेट में 250 प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर डाली थी। जबकि आम तौर पर यह बढ़ोत्तरी 5 से 10 प्रतिशत ही होती थी। लेकिन अब सरकार फिर अलग-अलग दरों में बढ़ोत्तरी कर रही है।

## आज होगी मंत्रिसमूह की बैठक, तैयारी में जुटा प्रशासन, मानसून सत्र पर लगेगी मुहर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा मंत्री समूह की बैठक शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में होगी। जिसमें हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र पर मुहर लगने की उम्मीद है। अवकाश के बावजूद हरियाणा मुख्यमंत्री ऑफिस के अफसर देर रात तक एजेंडों और बैठक में होने वाले कार्यों को लेकर तैयारी में लगे रहे। सुबह 11 बजे हरियाणा मुख्य सचिवालय के चौथे फ्लोर पर होने वाली इस बैठक में मंत्रिमंडल के सभी मंत्री शामिल होंगे, मंत्री समूह की बैठक को लेकर राज्य सरकार के अफसर देर रात तक शुक्रवार को होने वाली बैठक की तैयारी में जुटे हुए थे। माना जा रहा है कि राज्य की नायब सैनी सरकार इस दौरान मानसून सत्र 15 अगस्त के बाद में कभी भी बुलाने तारीख का एलान कर सकती है। संभावना है सत्र लगभग 22 से हो सकता है, सरकार दो से तीन दिनों का हो सकता है। भवन निर्माण सामग्री पर महंगाई की मार को लेकर भी सरकार कुछ राहत प्रदान कर सकती है। हालांकि खनन राजस्व बढ़ाने को लेकर हमेशा ही इसमें बढ़ोतरी हुई है। बिजली निगमों के लिए ऋण आदि पर विचार होगा।

#### भवन निर्माण वालों को राहत मिल सकती है



हरियाणा में राहत भरी खबर है, भवन निर्माण में लगने वाली रेत, बजरी और पत्थर जैसी सामग्री की कीमतें कम होने की उम्मीद है। प्रदेश सरकार द्वारा एक अगस्त को होने वाली मंत्री मंडल की मीटिंग में खनन नियमों (2012) में महत्वपूर्ण संशोधन करने की तैयारी में हैं।

#### रेत, बजरी और पत्थर के रेट कम होने की उम्मीद

सरकार द्वारा पिछले माह मंत्री समूह बैठक में पत्थर और रेत पर रॉयल्टी की दरों को दोगुना कर दिया था। जिसके बाद रेत की रॉयल्टी 40 रुपये से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति टन और पत्थर की रॉयल्टी 45 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये प्रति टन कर दी गई थी। इसके अलावा, राज्य के बाहर से आने वाले खनिज वाहनों पर 100 रुपये प्रति टन का अतिरिक्त शुल्क भी लगाया गया था। इससे घर निर्माण में दोगुनी रकम खर्च करनी पड़ रही थी। प्रदेश सरकार ने इस मीटिंग में रेत, बजरी और पत्थर पर लगने वाली रॉयल्टी दरों को कम कर सकती है। दूसरे राज्यों से आने वाली निर्माण सामग्री पर लगने वाली इंटर-स्टेट ट्रांसपोर्टेशन फीस में भी कटौती की जा सकती है। अगर ये फैसले लागू होते हैं तो भवन निर्माण सामग्री की कीमतें घटेंगी और घर बनाना आम लोगों के लिए फिर से सस्ता हो जाएगा।

## 75 हजार से ज्यादा सेना के जवानों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सहायता दी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

- सीआईएसएफ का प्रोजेक्ट 'मन' स्वास्थ्य के लिए मजबूत कदम

सीआईएसएफ का 'प्रोजेक्ट मन' अब तक 75,000 से ज्यादा जवानों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सहायता उपलब्ध करा चुका है। इस पहल के जरिए परामर्श सेवाएं और जरूरत के अनुसार समय पर हस्तक्षेप कर के पूरे बल का मनोबल मजबूत किया जा रहा है।

आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट (एबीईटी) की चेयर पर्सन नीरजा बिडला और सीआईएसएफ महानिदेशक आर एस. भट्टी (आईपीएस) ने प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की। यह मानसिक स्वास्थ्य पहल नवंबर 2024 में सीआईएसएफ और एबीईटीके बीच हुए समझौते के तहत शुरू की गई थी। सीआईएसएफ महानिदेशक ने एबीईटी की टीम की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने बल के भीतर मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाने, परामर्श देने, जरूरत पड़ने पर इलाज से जुड़ी सहायता देने और जवानों को मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रशिक्षित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। अब तक प्रोजेक्ट मन' से 75,181 सीआईएसएफ कर्मी और उनके परिवार लाभान्वित हो चुके हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री से मिले काउंसिल के पदाधिकारी सभी मंत्रियों के कार्यालयों पर कैंप लगाए जाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़



इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा की टीम ने स्वास्थ्य मंत्री आरती राव जी से मुलाकात की। जिसमें इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा के चेयरमैन डॉ. विनोद खनगवाल ने बताया की मुख्य चर्चा का विषय रहा इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में मेडिकल कैंप का आयोजन करने जा रही है। यह कैंप 1 अगस्त 2025 से लेकर 12 अगस्त 2025 तक चलेंगे, इसकी शुरुआत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के कार्यालय से करेंगे। इसके अलावा सरकार के मंत्रियों के कार्यालयों पर भी कैंप लगाए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री राव ने इलेक्ट्रोहोम्योपैथी को जल्द मान्यता का आश्वासन दिया। आज इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा की टीम ने आयुष के असिस्टेंट डायरेक्टर से भी मुलाकात की, जिसमें इलेक्ट्रो होम्योपैथी को जल्द मान्यता देने के विषय पर चर्चा की गई। इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल की तरफ से एग्जीक्यूटिव चेयरमैन डॉ. देवेंद्र एग्जीक्यूटिव चेयरमैन डॉ. लालचंद गुप्ता काउंसिल के एडवाइजर डॉ. ज्ञानचंद सैनी आदि भी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री सैनी ने क्रांतिकारी शहीद को नमन किया

# शहीद उधम सिंह की जन्मभूमि सुनाम पहुंचे सीएम

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महान क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह की तपस्या, बलिदान और उनका साहस हमेशा हमें प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने जलियांवाला बाग में निहत्थे लोगों के हत्यारे जरनल डायर को विदेश में जाकर मौत के घाट उतारा था। जो पूरे देश के लिए आज भी प्रेरणादायक है और हमेशा देश सेवा की प्रेरणा देता रहेगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को पंजाब में स्थित शहीद उधम सिंह की जन्मभूमि सुनाम में आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहीद उधम सिंह मेमोरियल पर जाकर उनकी प्रतिमा के सामने पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने यहां पौधारोपण भी किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने शहीद उधम सिंह संग्रहालय का दौरा किया और शहीद उधम सिंह से जुड़ी स्मृतियों, उनके फोटो व उनके पत्रों का अवलोकन कर अपने विचार भ्रमण पुस्तिका में दर्ज किए। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरदार हरदयाल सिंह की अगुवाई में शहीद उधम सिंह के परिजनों से मुलाकात की। परिजनों ने एक मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा।

#### नमन करने का अवसर मिला : नायब सैनी

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने संगरूर रोड पर भाजपा नेत्री एवं पंजाब प्रदेश सचिव दामन बाजवा द्वारा आयोजित जनसभा में पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री का पंजाब भाजपा नेताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उन्हें शहीद उधम सिंह की जन्मभूमि पर आकर उन्हें नमन करने का अवसर मिला है। जब लोग जलियांवाला बाग में बैसाखी पर्व के लिए एकत्रित हुए थे, उस समय जरनल डायर ने सभी रास्ते बंद करवाकर निहत्थे लोगों पर फायरिंग का आदेश देकर हजारों लोगों को मौत के घाट उतरवा दिया था। उसी समय सरदार उधम सिंह ने देश की मिट्टी को माथे से लगाकर संकल्प लिया था कि जब तक मैं इस जरनल डायर को मौत के घाट नहीं उतार देता तब तक चैन से नहीं बैठूंगा। 13 अप्रैल 1919 की इस हृदयविदारक घटना के बाद 13 अप्रैल 1940 को अंग्रेजों की धरती पर जाकर उन्होंने जरनल डायर को गोलियों से भून कर मौत के घाट उतार दिया।

#### उधम सिंह के परिजन भी कार्यक्रम में आए

कार्यक्रम के दौरान शहीद उधम सिंह के परिजनों में सरदार हरदयाल सिंह, अमन, पंजाब के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक अरविंद खन्ना, महासचिव दयाल सोढ़ी, प्रदेश सचिव एवं सभा आयोजक दामन बाजवा, जिला सुनाम प्रधान अमृतराज चट्ठा सहित कई गणमान्य मौजूद थे। समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पंजाब में जनता से जो इन्होंने वायदे किए गए थे, उन वायदों पर यहां की सरकार खरा नहीं उतरी है, लोग अब इंतजार में हैं। इन्होंने यहां के लोगों को केवल सब्जबाग दिखाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे दिल्ली में इन्होंने सब्जबाग दिखाए गए थे, मगर दिल्ली के लोग समझ गए हैं। पंजाब के लोग भी इन्हें अब समझ गए है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 21–अम्बाला/2025–26 दिनांक 30/07/2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीनियर डीईएन-II यूएमबी के सेक्शन में 25.396 टीआरआर (एस) और 24.585 टीकेएम के सीटीआर (एस) के संबंध में एडीईएन/बीटीआई और एडीईएन/पीटीए के सेक्शन में मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर रेल की वेल्डिंग और सीनियर डीईएन-II और III के सेक्शन में एमएफबीडब्ल्यूपी के साथ एसडब्ल्यूआर से एलडब्ल्यूआर में लूप लाइन का रुपांतरण। | 3,94,94,461 | 3,47,500 | 18 महीने | 22.08.2025 |
| 2 | एडीईएन/पीटीए अनुभाग में विभिन्न सेवा भवन और कॉलोनियों में जलापूर्ति, सड़क सतह, जल निकारी प्रणाली आदि की मरम्मत । | 46,65,716 | 93,300 | 06 महीने | 22.08.2025 |
| 3 | केजेजीवाई के आरओएच डिपो में सिक लाइन और स्वारफ एनक्लोजर शेड में गड्ढे के प्रावधान द्वारा रखरखाव के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधार। | 1,06,33,194 | 2,03,200 | 12 महीने | 22.08.2025 |

**नोटः 1**. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2329/25


[illegible]

रोहतक, शुक्रवार, 1 अगस्त 2025

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**सुविचार**

भगवद्गीता में लिखा है कि जिस समय कोई समस्या जन्म लेती है, उसके साथ ही उसका समाधान भी जन्म लेता है।




## अमेरिकी राष्ट्रपति के 'डेड इकोनॉमी' वाले बयान पर गोयल का कड़ा पलटवार

**केंद्रीय मंत्री बोले**
हम जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे

# भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, ट्रंप का दावा-अनुचित

### विदेशी निवेश के लिए आकर्षक केंद्र के रूप में उभर रहा, दुनिया की प्रमुख कंपनियां हमारी ओर देख रहीं

अंतरराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसियों की राय में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। जीडीपी रफ्तार में अमेरिका, चीन, जापान, रूस, ब्रिटेन, ब्राजील सब भारत से पीछे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयात होने वाले सामान पर 25% टैरिफ 1 अगस्त से लागू करने की घोषणा करने के बाद भारत व रूस की अर्थव्यवस्थाओं को मृत और कमजोर बताते हुए उनके व्यापार को सीमित रखने की बात कही है। जबकि अमेरिका में ही काम करने वाली संस्थाएं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, एसएंडपी, मूडीज, एडीबी, फिच आदि ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर सबसे तेज ग्रोथ वाला अनुमान लगाया है। ट्रंप का बयान हकीकत से बहुत दूर है।

भाषा ▸▸| नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' बताए जाने पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि भारत अब दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। आने वाले सालों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। गोयल ने लोकसभा में कहा, एक दशक से भी कम समय में भारत 'नाजुक पांच' अर्थव्यवस्थाओं से बाहर आ गया है। अब यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। सुधारों, किसानों, एमएसएमई और उद्योगपतियों की कड़ी मेहनत के दम पर हम 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से दुनिया की टॉप 5 अर्थव्यवस्थाओं में आ गए हैं। उम्मीद है कि कुछ ही सालों में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। वैश्विक स्तर पर भारत की आर्थिक धारणा का जिक्र करते हुए गोयल ने कहाः आज, वैश्विक संस्थाएं और अर्थशास्त्री भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में देखते हैं। उनकी यह टिप्पणी ट्रंप द्वारा भारत को एक मृत अर्थव्यवस्था कहे जाने के कुछ ही घंटों बाद आई। दरअसल, ट्रंप ने कहा है, मुझे परवाह नहीं कि भारत रूस के साथ क्या करता है। मुझे परवाह है, वे अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को मिलकर गिरा सकते हैं।



**यह कहा था ट्रंप ने**

भारत पर 25% शुल्क व रूस के साथ व्यापार पर 'जुर्माना' लगाने की घोषणा के एक दिन बाद, ट्रंप ने बृहस्पतिवार को एक सोशल मीडिया मंच पर लिखा, 'मुझे परवाह नहीं है कि भारत रूस के साथ क्या करता है। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे अपनी 'मृत अर्थव्यवस्थाओं' को एक साथ कैसे नीचे ले जा सकते हैं।'



**एडीबी का अनुमान**

एशियाई विकास बैंक ने अभी 23 जुलाई को ही अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी 2025 में 6.5 फीसदी और 2026 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। भारत में अपार संभावनाएं हैं। विदेशी कंपनियां निवेश करने के लिए आतुर हैं।

### विश्लेषक बोले- भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे जीवंत, इसकी आबादी सबसे युवा

#### ट्रंप की टिप्पणियां काफी अनुचित

भारत के खिलाफ ट्रंप की टिप्पणियां 'काफी अनुचित' हैं। वास्तव में, विश्व अर्थव्यवस्था का केंद्र धीरे-धीरे 'ग्लोबल साउथ' की ओर स्थानांतरित हो रहा है और जिसके लिए भारत ने खुद को अग्रणी भूमिका में रखा है। दूसरी ओर, पूर्व विकसित अर्थव्यवस्थाएं तेजी से उम्रदराज हो रही हैं और इन अर्थव्यवस्थाओं में प्रवासी भारतीयों के योगदान के कारण ही ये अर्थव्यवस्थाएं लगातार सकारात्मक वृद्धि दर्ज कर रही हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे जीवंत और गतिशील है और इसकी आबादी सबसे युवा लोगों में से है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या सांख्यिकी (2024) के अनुसार, भारत की जनसंख्या की औसत आयु 28.8 वर्ष है, जबकि अमेरिका की 38.5 वर्ष और यूरोप की 42.8 वर्ष है।

*-डी के श्रीवास्तव, मुख्य नीति सलाहकार, ईवाई इंडिया*

#### आईएमएफ की राय

ट्रंप के बयान के ठीक एक दिन पहले अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 29 जुलाई को अपने सदस्य देशों का वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक का नया आकलन जारी किया था। आईएमएफ के 191 सदस्य देश हैं। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-2027 में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह पहले के अनुमान की तुलना में थोड़ा अधिक है। आईएमएफ ने डब्लूईओ रिपोर्ट में कहा है कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.2% यानी 20 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4% कर दिया है। वहीं अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विकास के अनुमान को 0.1% यानी 10 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। आईएमएफ ने अमेरिकी जीडीपी के लिए विकास की दर 1.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है.। यह 2023 में 2.9% था।

#### विश्व बैंक भी आश्वस्त

विश्व बैंक ने अप्रैल में 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि दर अनुमान को 6.7% से घटाकर 6.3% कर दिया था। लेकिन पिछले माह जारी वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट में विश्व बैंक ने कहा था कि अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बाद भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

#### मूडीज का भरोसा बढ़ा

भारत की अर्थव्यवस्था ग्लोबल क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने इस साल छह मई जारी अपनी रिपोर्ट में 2025 में भारत की जीडीपी की विकास दर 6.3 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। मूडीज ने उम्मीद जताई था कि 2026 में देश की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी और यह 6.5 फीसदी की रफ्तार से आगे बढ़ेगी। इसका मतलब यह हुआ कि भारत की अर्थव्यवस्था 2026 में 2025 से अधिक तेजी से आगे बढ़ेगी।

**एसएंडपी का अनुमान**

अमेरिकी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की अर्थव्यवस्था में भरोसा जताया था। इस रेटिंग एजेंसी ने जून में जारी एशिया-पैसिफिक इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि भारत में घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है, जिससे अर्थव्यवस्था को वैश्विक चुनौतियों के बाद भी गति मिल रही है। एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। इससे पहले उसने विकास दर को 6.3 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था।

**फिच रेटिंग्स ने यह कहा**

फिच रेटिंग्स ने इस साल 22 मई को 2028 तक के लिए भारत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया था। इस रेटिंग एजेंसी ने नवंबर 2023 में इसके 6.2 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया था। फिच ने पांच साल के लिए जीडीपी के अनुमानों को अपडेट करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023 की रिपोर्ट के समय की हमारी अपेक्षा से अधिक मजबूती से वापसी की है।

## 'डेड इकोनॉमी' वाले बयान पर राहुल को 'अपनों' ने ही घेरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ट्रंप के 'मृत अर्थव्यवस्था' वाले बयान का इस्तेमाल कर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन उनका यह प्रयास उल्टा पड़ गया। भाजपा के साथ-साथ उनकी अपनी पार्टी के सहयोगियों ने इस पर असहमति जताई। राहुल ने ट्रंप के बयान का समर्थन करते हुए केंद्र पर निशाना साधा। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर और राजीव शुक्ला ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती पर जोर दिया। थरूर ने कहा कि नई दिल्ली को वाशिंगटन की अनुचित मांगों के सामने नहीं झुकना चाहिए। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी ट्रंप की आलोचना की और कहा कि ऐसा दावा 'या तो अहंकार या अज्ञानता' से प्रेरित हो सकता है।



सहयोगी हुए नाराज, ट्रंप के बयान को गलत बताया

कहा, भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत और आत्मनिर्भर

राहुल ने किया था ट्रंप के बयान का समर्थन

#### ट्रंप भ्रम में जी रहे हैं

राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा, हमारी आर्थिक स्थिति कमजोर नहीं है। अगर कोई दावा करता है कि वह हमें आर्थिक रूप से बर्बाद कर सकता है, तो यह गलतफहमी है। ट्रंप भ्रम में जी रहे हैं। अमेरिका-पाकिस्तान तेल सौदे पर शुक्ला ने कहा कि यह हमें चिंतित नहीं करता, और कोई भी देश यह तय नहीं कर सकता कि भारत किसके साथ व्यापार करेगा.

#### मृत अर्थव्यवस्था कहना अहंकार

शिवसेना (यूबीटी) के नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने एक्स पर लिखा, इसे मृत अर्थव्यवस्था कहना केवल अहंकार या अज्ञानता से हो सकता है। एक अन्य पोस्ट में कहा कि भारत के सामने आर्थिक चुनौतियां हैं, खासकर प्रति व्यक्ति आय पर काम करने की जरूरत है, लेकिन ये चुनौतियां 'मृत अर्थव्यवस्था' के बराबर नहीं हैं। उन्होंने ट्रंप के बयान को समझौता करने की चाल बताया। आंकड़े बताते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।

#### विपक्ष पाक की भाषा बोल रहा

एकनाथ शिंदे ने कहा कि ट्रम्प ने टैरिफ बढ़ाया है, लेकिन मोदी जी देश को फायदेमंद निर्णय लेंगे। टेरर और टैरिफ में विपक्ष में देश के साथ रहना चाहिए। जवानों के साथ रहना चाहिए। देश के प्रति प्रेम व्यक्त करना चाहिए था, लेकीन विपक्ष पाकिस्तान की भाषा बोलते है. ये भारत प्रेम नहीं, पाकिस्तान प्रेम है.

#### भाजपा ने दिखाए आंकड़े

बीजेपी नेता निशिकांत दुबे ने एक्स पर लिखा, राहुल गांधी के झूठ का जवाब आंकड़ों में है। मनमोहन सिंह के समय जीडीपी : 2008-3.1%, 2011-5.2%, 2012-5.5%; हमारे समय में जीडीपी : 2015-8.0%, 2016-8.3%, 2021-9.1%.।

## टैरिफ की घोषणा 'सौदेबाजी की रणनीति' : शशि थरूर



'यह सिर्फ सौदेबाजी की रणनीति हो सकती है, क्योंकि आप जानते हैं कि व्यापार वार्ता अभी भी जारी है। अगर व्यापार समझौता नहीं होता है, तो इससे निश्चित रूप से हमारे निर्यात को नुकसान होगा क्योंकि अमेरिका हमारे लिए एक बहुत बड़ा बाजार है।' अकेले अमेरिका को भारतीय निर्यात लगभग 90 अरब डॉलर का है और अगर इसमें भारी गिरावट आती है, तो इससे भारत को नुकसान होगा।

*-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद*

**खबर संक्षेप**

### पूर्व मंत्री के दामाद समेत 5 आरोपी हिरासत में

**पुणे।** पुणे की एक अदालत ने 'ड्रग पार्टी' मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे के दामाद प्रांजल खेवलकर समेत 5 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सभी पांचों आरोपियों को यहां अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जेजी डोरले के समक्ष पेश किया गया। जांचकर्ताओं को उनके फोन में कुछ आपत्तिजनक चैट और वीडियो मिले हैं। भाषा

### अब यूपीआई पेमेंट के लिए नहीं होगी पिन की जरूरत

**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल भुगतान को और आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) जल्द ही बायोमेट्रिक आधारित प्रमाणीकरण को यूपीआई पेमेंट्स में शामिल कर सकती है। इसका मतलब यह है कि अब यूपीआई ट्रांजैक्शन के लिए फेस आईडी या फिंगरप्रिंट से भुगतान की पुष्टि की जा सकेगी, पिन दर्ज करने की जरूरत नहीं होगी। वर्तमान में, यूपीआई भुगतान के लिए 4 से 6 अंकों का पिन डालना होता है। बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण जैसे फिंगरप्रिंट या फेस आईडी से भुगतान को केवल शरीर की विशेषताओं के आधार पर मंजूरी मिल सकेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सुविधा उन लोगों के लिए डिजिटल भुगतान को और अधिक सुलभ व सुरक्षित बनाएगी, जिन्हें पासवर्ड याद रखना या स्मार्टफोन इस्तेमाल करना मुश्किल लगता है। ऑटो-डेबिट ट्रांजैक्शन जैसे कि ईएमआई या सब्सक्रिप्शन भुगतान अब केवल सुबह 10 बजे से पहले या रात 9:30 बजे के बाद ही प्रोसेस होंगे। इससे सर्वर पर लोड कम होगा और ट्रांजैक्शन में देरी नहीं होगी। कोई भी उपयोगकर्ता अपने मोबाइल नंबर से लिंक बैंक अकाउंट की जानकारी सिर्फ 25 बार प्रतिदिन ही निकाल सकेगा।

### 2020 से अब तक विदेशियों को 96 लाख ई-वीजा जारी

**नई दिल्ली।** सरकार ने संसद को बताया कि भारत ने 2020 से इस साल 20 जुलाई तक विदेशी नागरिकों को 96 लाख से अधिक ई-वीजा जारी किए हैं। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ई-वीजा सुविधा के लिए पात्र देशों की संख्या 2020 में 171 थी, जो 2025 में बढ़कर 181 हो गई है। भाषा

### ईडी के पहली बार अंडमान और निकोबार में छापे

**पोर्ट ब्लेयर/नई दिल्ली।** ईडी ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के एक पूर्व कांग्रेस सांसद से जुड़े कथित सहकारी बैंक कर्ज 'धोखाधड़ी' से जुड़ी धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को पहली बार इस केंद्र शासित प्रदेश में छापे मारे। केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने धन पीएमएलए के तहत पोर्ट ब्लेयर और उसके आसपास के नौ स्थानों और कोलकाता में दो जगहों पर छापेमारी की। भाषा

### कॉमर्शियल सिलेंडर 33.50 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** तेल मार्केटिंग कंपनियों ने गुरुवार देर रात 19 किग्रा वाला कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर 33.50 रुपये सस्ता कर दिया है। दिल्ली में अब इस गैस सिलेंडर की कीमत 1631.50 रुपये होगी। ये कीमतें 1 अगस्त से लागू होंगी। फिलहाल घरेलू सिलेंडर की कीमतों में बदलाव नहीं किया है।

## फरीदाबाद के 200 करोड़ रुपये के घोटाले में चालान किया पेश

**एसीबी ने की कार्रवाई, फर्जी बिल बना सरकारी धन के गबन का आरोप** | **नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी समेत 20 व्यक्तियों को आरोपित बनाया**



**फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने नगर निगम में हुए 200 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में अदालत में चालान पेश कर दिया। चालान में नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी समेत 20 व्यक्तियों को आरोपित बनाया गया है। इस मामले के खुलासे के बाद से ही विभाग में हडक्रंप मचा हुआ है। चालान में ठेकेदार सतबीर सिंह, तत्कालीन सहायक कार्यकारी अभियंता दीपक कुमार, तत्कालीन कार्यकारी अभियंता रमन कुमार, तत्कालीन आउटसोर्सिंग कार्यकारी अभियंता राजन तेवतिया, तत्कालीन मुख्य अभियंता दौलत राम भास्कर, तत्कालीन क्लर्क नवीन रतरा, तत्कालीन अधीक्षक लेखा शाखा दीपा पब्बी, तत्कालीन अधीक्षक लेखा शाखा सीमा भाटिया, तत्कालीन अधीक्षक लेखा शाखा शशी आर्य, तत्कालीन आफिसर इंचार्ज अकाउंट लेखा शाखा सतीश कुमार, तत्कालीन लेखाधिकारी विशाल कौशिक, तत्कालीन आडिटर आडिट शाखा आरोपी जरीना, तत्कालीन आडिटर आडिट शाखा अमित, सुनील कुमार, राजेन्द्र सिंह, मनीश शर्मा, नवीन कुमार, संयुक्त निदेशक आडिट शाखा दीपक थापर, तत्कालीन आउट सोर्सिंग क्लर्क पंकज, प्रदीप कुमार को आरोपी बनाया गया है।

**ऐसे किया गया फर्जीवाड़ा**

एसीबी के अनुसार 2017 में आरोपी सतबीर सिंह ठेकेदार के साथ मिलीभगत करके बल्लभगढ़ के कुल 11 वार्ड नं. 8, 9, 10, 31, 33 से 40 में निर्माण कार्य के एक समान कीमत के 46 फर्जी बिल व दस्तावेज तैयार करके आरोपी सतबीर सिंह ठेकेदार की फर्मों में 2,25,53,749 रुपये का गलत भुगतान करके सरकारी राशि का गबन किया था

## कर्नाटक में मिला दुनिया का नया और अनोखा ब्लड ग्रुप

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** कर्नाटक के कोलार में 38 वर्षीय महिला में दुनिया का पहला अनोखा सीआरआईबी एंटीजेन ब्लड ग्रुप पाया गया है। यह ब्लड ग्रुप अब तक दुनिया में कहीं भी नहीं देखा गया था। दरअसल, कार्डियक अरेस्ट के बाद महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसका ब्लड ग्रुप चेक करने के लिए सैंपल लैब भेजा। लैब असिस्टेंट की जांच में जो रिपोर्ट सामने आई उसने सभी को हैरान कर दिया। हार्ट की सर्जरी के लिए भर्ती कराई गई महिला का ब्लड ग्रुप ओआरएच+ था, जो कि आम है। लेकिन कोई भी ओ पॉजिटिव ब्लड यूनिट उसके ब्लड से मैच नहीं हुआ। इसके बाद गहन जांच के लिए ब्लड सैंपल को रोटरी बेंगलुरु टीटीके ब्लड सेंटर भेजा। महिला व उसके परिवार के ब्लड सैंपल को ब्लड ग्रुप रेफरेंस लेबोरेट्री ब्रिटेन भेजा गया। 10 महीने की रिसर्च के बाद एक नया ब्लड ग्रुप एंटीजन मिला, जिसे सीआरआईबी नाम दिया गया। यह रिसर्च जून 2025 में इटली में हुई आईएसबीटी की एक मीटिंग में बताई गई। बता दें कि इस ब्लड ग्रुप के पूरी दुनिया में सिर्फ 10 लोग हैं।



कर्नाटक की महिला का है सीआरआईबी एंटीजेन ब्लड ग्रुप

परिवार के 20 लोगों से भी सैंपल मैच नहीं, आधुनिक जांच में पता चला

## अदालत का 17 साल बाद फैसला, नहीं मिले पर्याप्त सबूत

# मालेगांव ब्लास्ट : साध्वी प्रज्ञा, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात आरोपी बरी

**मुंबई (भाषा)।** मालेगांव विस्फोट में छह लोगों की मौत होने के करीब 17 साल बाद एक विशेष अदालत ने भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी सातों आरोपियों को बृहस्पतिवार को बरी करते हुए कहा कि उनके खिलाफ कोई 'विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं हैं।' अदालत ने कहा कि कोई भी धर्म हिंसा नहीं सिखाता है। उसने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन अदालत सिर्फ धारणा के आधार पर दोषी नहीं ठहरा सकती। एनआईए के मामलों की सुनवाई के लिए नियुक्त विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने अभियोजन पक्ष के मामले और जांच में कई खामियों को उजागर किया और कहा कि आरोपित संदेह का लाभ पाने के हकदार हैं। *(पेज 8 भी देखें)*



**29 सितंबर 2008 को हुआ धमाका :** मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में 29 सितंबर 2008 को एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में लगाए गए विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गयी थी और 101 अन्य लोग घायल हो गए थे।

#### ये थे आरोपित


मामले के आरोपियों में ठाकुर, पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। अदालत ने जैसे ही सातों आरोपियों को बरी करने का फैसला सुनाया तो उन सभी के चेहरों पर मुस्कान छा गई और उन्होंने राहत की सांस ली। उन्होंने न्यायाधीश और अपने वकीलों का आभार जताया।

#### यह कहा कोर्ट ने

न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई 'विश्वसनीय और ठोस' सबूत नहीं है। 'मात्र संदेह वास्तविक सबूत की जगह नहीं ले सकता।' साथ ही, उसने यह भी कहा कि किसी भी सबूत के अभाव में आरोपियों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए। न्यायाधीश ने कहा, 'कुल मिलाकर सभी साक्ष्य अभियुक्तों को दोषी ठहराने के लिए विश्वसनीय नहीं हैं। दोषसिद्धि के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है।'

## कुरुक्षेत्र में रोडवेज बस ने दो भाइयों को कुचला

**कुरुक्षेत्र (हरिभूमि न्यूज)।** लाडवा रोड सिरसमा मोड़ के पास बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो भाइयों की मौत हो गई। दोनों ममेरे-फुफेरे भाई थे। एक युवक की पहचान निखिल पुत्र संजय निवासी बीड़ मथाना व दूसरे की निखिल पुत्र राकेश निवासी हरिगढ भौरख के रूप में हुई है। दुर्घटना शाम 4 बजे की है। पुलिस ने शवों को एलएनजेपी अस्पताल में भेज दिया। दोनों भाई बाइक से गांव बीड़ मथाना की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे सिरसमा मोड़ के पास पहुंचे तो हिसार डिपो की रोडवेज बस ने चपेट में ले लिया। दोनों भाई सड़क पर गिर गए और बस का टायर उनके ऊपर से निकल गया। हरिगढ भौरख निवासी निखिल अपनी बुआ के घर बीड मथाना में रहता था और आईलेटस सेंटर से कोचिंग ले रहा था। उसकी बुआ की देवरानी का बेटा निखिल उसे लेकर गांव जाता था। वह 12वीं कक्षा में पढ़ता था। जांच अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि निखिल के दादा सोहन लाल की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।




दोनों का नाम निखिल, ममेरे फुफेरे थे, मौके पर ही दम तोड़ा

**तैयारी** सीएम नायब सैनी करेंगे शुभारंभ, 26 खेलों की प्रतियोगिताएं होंगी

*खेल मंत्री गौतम बोले, खेलों में हरियाणा सिरमौर*

# खेल महाकुंभ में कल से 15000 से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश की बेहतरीन खेल नीति और हर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में पदक जीतकर हरियाणा खेलों में देश का सिरमौर बन चुका है। देश की आबादी में हरियाणा की जनसंख्या महज 2 फीसदी है, जबकि प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने में 60 फीसदी का योगदान देते हैं। इन्हीं खेलों की परिपाटी को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश में दो चरणों में खेल महाकुंभ, 2025 का 2 अगस्त से आगाज होगा, जिसमें 26 खेलों में 15,410 खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में खेलों का शुभारंभ करेंगे। पहले चरण में खेल 4 अगस्त तक होंगे। चंडीगढ़ गौतम ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि पिछले 17 वर्षों में हुए 5 ओलंपिक खेलों में हरियाणा के किसी न किसी खिलाड़ी ने पदक जीता है। अब तक हमारे खिलाड़ी पांच ओलंपिक खेलों में 15 पदक जीत चुके हैं।

**4 जगहों पर होगा आयोजन**

- पंचकूला में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, हैंडबॉल व हॉकी प्रतियोगिता।
- फरीदाबाद में शूटिंग व ताइक्वांडो प्रतियोगिता होगी।
- रोहतक में बाक्सिंग, नेटबाल और फुटबॉल प्रतियोगिता होगी।
- सोनीपत में लान टेनिस खेल आयोजित किए जाएंगे।

#### 2102 पदक दांव पर

प्रदेश के 22 जिलों व हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई (सोनीपत) के खिलाड़ी प्रतिभा दिखाएंगे। खेल महाकुंभ में दोनों चरणों में 2102 पदकों से खिलाड़ियों को नवाजा जाएगा। पहले चरण में 836 और दूसरे चरण में 1266 पदक, विजेता खिलाड़ियों को दिए जाएंगे। दूसरे चरण के खेल अगस्त के अंतिम सप्ताह में करवाए जाएंगे।

#### खेल महाकुंभ देश की सबसे बड़ी स्पर्धा

खेल मंत्री ने कहा कि हरियाणा का खेल महाकुंभ देश में राष्ट्रीय स्तर की किसी भी प्रतियोगिता से बड़ा आयोजन है। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' में लगभग 8,000 खिलाड़ी भागीदारी करते हैं, जबकि खेल महाकुंभ में 15,000 से ज्यादा खिलाड़ी भाग लेंगे।

#### खाने-पीने की बेहतरीन व्यवस्था

गौतम ने कहा कि जिला खेल अधिकारियों की निगरानी में खेल महाकुंभ में शामिल होने वाले जिलों के खिलाड़ियों का चयन निष्पक्ष किया गया है। खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के दौरान किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। उनके लिए खाने-पीने व किट की व्यवस्था की गई है। खेलों के सफल आयोजन के लिए खेल मंत्री के आदेश पर अतिरिक्त खेल निदेशक के नेतृत्व में विशेष कोर्डिनेशन कमेटी का गठन किया है।

#### विजेता खिलाड़ियों के लिए है खेल ग्रेडेशन

खेल मंत्री ने कहा कि हरियाणा की खेल नीति के अनुसार खेल महाकुंभ के विजेता खिलाड़ियों के लिए सरकार द्वारा खेल प्रमाण पत्र ग्रेडेशन बनाने का प्रावधान है, जिसके तहत सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों को तीन प्रतिशत का खेल आरक्षण प्रदान किया जाता है।

## विपक्ष ने टैरिफ सहित सभी मुद्दों पर तत्काल चर्चा की मांग उठाई

# एसआईआर को लेकर संसद में हंगामा, कार्यवाही रही बाधित

**सोनिया गांधी अखिलेश समेत विपक्षी सांसदों ने किया प्रदर्शन**

विपक्षी सांसदों ने एक बड़ा बैनर भी ले रखा था, जिस पर 'एसआईआर- लोकतंत्र पर वार' लिखा हुआ था। खरगे ने एसआईआर के खिलाफ 'संविधान को बचाओ' और 'लोकतंत्र की हत्या बंद करो' के नारे लगाए। विपक्षी सांसदों की मांग है कि इस विषय पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा और लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। दोनों ही सदनों में कामकाज सामान्य रूप से नहीं हो पाया। साथ ही विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कई घटक दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करते हुए बृहस्पतिवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। संसद के 'मकर द्वार' के निकट आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कई अन्य दलों के सांसद शामिल हुए। विपक्षी सांसदों ने एक बड़ा बैनर भी ले रखा था, जिस पर 'एसआईआर- लोकतंत्र पर वार' लिखा हुआ था। खरगे ने एसआईआर के खिलाफ 'संविधान को बचाओ' और 'लोकतंत्र की हत्या बंद करो' के नारे लगाए।

- **राज्यसभा में कार्रवाही तीन बार स्थिगित करनी पड़ीं**
- **लोकसभा में भी विपक्षी सदस्यों ने जमकर हंगामा किया और नारेबाजी की, बैनर भी लहराए**



### चर्चा के लिए 28 नोटिस मिले

उपसभापति हरिवंश ने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत 28 नोटिस मिले हैं जिनमें बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, ओडिशा में महिलाओं और बच्चों के कथित उत्पीड़न, बंगाली कामगारों के साथ दूसरे राज्यों में कथित दुर्व्यवहार, छत्तीसगढ़ में दो ननों की गिरफ्तारी, अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 25 फीसदी कर के दुष्प्रभाव तथा उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के मुद्दे पर नियत कामकाज स्थगित कर तत्काल चर्चा कराए जाने की मांग की गई है। उपसभापति ने कहा कि ये नोटिस आसन द्वारा पूर्व में दी गई व्यवस्था के अनुरूप नहीं हैं, इसलिए इन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### इस साल आठ हवाई दुर्घटनाओं में 274 लोगों की मौत हुई

सरकार ने बताया कि इस साल अब तक देश में आठ हवाई दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 274 लोगों की मौत हो गई। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। बीते 12 जून को एअर इंडिया विमान दुर्घटना में 260 लोग मारे गए थे। इस हादसे के अलावा तीन प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए और चार हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं भी हुईं। दुर्घटनाओं के कारणों की जांच एएआईबी द्वारा की जा रही है।

### पाक ने संघर्षविराम के लिए संपर्क किया था : वर्धन

*नई दिल्ली (भाषा)। सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा को बताया कि 10 मई, 2025 को पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) ने भारतीय समकक्ष से संघर्षविराम और सैन्य गतिविधियों को रोकने का अनुरोध किया था, जिसे उसी दिन स्वीकार कर लिया गया। विदेश राज्य मंत्री श्री कीर्ति वर्धन सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ॄयह समझौता दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच सीधे स्तर पर हुआ।ॄ उन्होंने स्पष्ट किया कि इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार की आधिकारिक वार्ता, कोई मध्यस्थता प्रक्रिया या कोई लिखित समझौता नहीं हुआ है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले में 26 लोगों को निर्ममतापूर्वक मार डाला गया था। इसके जवाब में भारत ने नौ और दस मई को ''ऑपरेशन सिंदूर'' चलाया जिसके तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था।*

### रास में नड्डा ने लगाया विपक्ष पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप

**नई दिल्ली। (भाषा)** राज्यसभा के नेता एवं भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को विपक्ष पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा और जानकारी की मांग करने वाले विपक्षी दलों के सदस्य बुधवार को इसका अवसर आने पर सदन से बहिर्गमन कर गए। नड्डा ने कहा कि उच्च सदन में ''पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा'' हुई। उन्होंने कहा कि बुधवार को सदन में जब गृह मंत्री ने इस चर्चा का जवाब देना शुरू किया, तो कुछ विपक्षी दलों के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए।

### गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान की दिशा में भारत का पहला कदम होगा : जितेंद्र सिंह

भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' को देश के सतत मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस कार्यक्रम के तहत आवश्यक क्षमताओं के सफल परीक्षण के बाद भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना की जाएगी। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह भी बताया कि प्रस्तावित भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन से फार्मास्युटिकल्स, जैव प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और कृषि जैसे क्षेत्रों में नवाचार एवं उन्नत तकनीकों के विकास को बल मिलेगा और भारत को भविष्य में अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ 'सहयोगी भागीदार' के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया बड़ा आदेश

# सेना बनाएगी बैली ब्रिज, पीडब्ल्यूडी को देने होंगे अग्रिम 25 लाख रुपये



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजपूताना राइफल्स के जवानों को गंदे नाले से गुजरने की रोजाना की मजबूरी से आखिरकार राहत मिलने वाली है। दिल्ली हाईकोर्टने इस पर बड़ा कदम उठाते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को आदेश दिया है कि वह भारतीय सेना को 25 लाख रुपए अग्रिम राशि के रूप में दे, ताकि जवानों के लिए अस्थायी बैली ब्रिज बनाया जा सके। कोर्ट ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि अब और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जस्टिस प्रथिबा एम. सिंह और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने कहा कि भुगतान होते ही सेना 40 दिनों के भीतर ब्रिज का निर्माण पूरा करेगी।

### 10 महीने में बनेगा स्थायी फुट ओवर ब्रिज

राजपूताना राइफल्स को उनके बैरकों से दिल्ली छावनी क्षेत्र में परेड ग्राउंड तक आवागमन की सुविधा प्रदान करने के लिए बनाया जा रहा एक फुटओवर ब्रिज (एफओबी) 10 महीनों के भीतर पूरा हो जाएगा। ऐसे में तब तक सेना खुद बैली ब्रिज बनाएगी, जिससे जवानों को तुरंत राहत मिले। हाईकोर्ट ने पीडब्ल्यूडी को यह भी निर्देश दिया कि फुट ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए और अगली सुनवाई तक प्रगति रिपोर्ट दाखिल की जाए। इससे पहले जवानों को रोजाना गंदे नाले से होकर गुजरना पड़ता है। यह नाला कई बार कमर तक पानी से भर जाता है और उसमें कीचड़ और बदबू रहती है। कोर्ट ने इसे "अस्वीकार्य" करार देते हुए तुरंत कार्रवाई की।

### अगली सुनवाई में मांगी प्रगति रिपोर्ट

*18 जून को कोर्ट ने अधिकारियों को आदेश दिया था कि नाले में जलभराव न हो और पानी की नियमित निकासी की जाए। अब कोर्ट ने साफ कहा है कि बैली ब्रिज बनने तक नाले की सफाई और रखरखाव जारी रहना चाहिए, ताकि जवानों को किसी तरह की परेशानी न हो। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई में पीडब्ल्यूडी और सेना से प्रगति रिपोर्ट मांगी है। इस फैसले को जवानों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। हाईकोर्ट का यह कदम साफ संदेश देता है कि सैनिकों की गरिमा और सुविधा को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*

## खबर संक्षेप

### सिंह ने दिल्ली पीसी का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एसबीके सिंह को दिल्ली पुलिस आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उन्होंने कार्यभार संभाल लिया है। वे अगले आदेश जारी होने तक इस पद पर बने रहेंगे। पहले वे होमगार्ड में थे। एजीएमयूटी कैडर के 1988 बैच के अधिकारी सिंह दिल्ली पुलिस आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार संभालने से पहले होमगार्ड में डीजी थे।



### विजय ने कास्टिंग काउच को बताया 'घटिया'

**चेन्नई।** साउथ एक्टर विजय सेतुपति पर एक्स यूजर ने कास्टिंग काउच का गंभीर आरोप लगाया था। उस यूजर के ट्वीट के बाद हर कोई हैरान था। अब इन आरोपों पर महाराजा एक्टर ने रिएक्ट किया है। उन्होंने इन आरोपों को झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह का घटिया आरोप मुझे दुखी नहीं कर सकता है।



### मुठभेड़ में 25-25 हजार के दो इनामी गिरफ्तार

**मेरठ।** मवाना में एक पखवाड़ा पूर्व मुहल्ला तिहाई में जुड्डी के पास युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने 25-25 हजार के दो इनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिए लिया। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। एक हत्यारोपित पहले ही जेल जा चुका है। 4 बदमाशों ने सुनील की हत्या कर दी थी।



## पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट के 6 फैसले

# इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन 5,451 करोड़ में बनेगी, किसान संपदा का बजट 6,520 करोड़ किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट बैठक हुई। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, 'मोदी कैबिनेट की बैठक में 6 अहम फैसले लिए गए हैं। इनमें 2 किसानों और फूड सेक्टर से जुड़े हैं। वहीं चार फैसले नॉर्थ-ईस्टर्न सेक्टर में रेलवे नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए हैं। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना का बजट बढ़ाकर 6520 रुपये कर दिया गया है। इससे किसानों को फूड प्रोसेसिंग में फायदा मिलेगा। वहीं, नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के लिए 2,000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इससे सहकारी समितियों को मजबूत किया जाएगा।

### चार रेल परियोजनाओं को मंजूरी



*इसके अलावा, 4 रेलवे लाइनों के लिए 11,168 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। इसमें इटारसी से नागपुर चौथी रेल लाइन के लिए 5,451 करोड़ रुपए दिए गए हैं। वहीं, अलुआबाड़ी रोड से न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे लाइन के लिए 1,786 करोड़, छत्रपति संभाजीनगर-परभानी रेलवे लाइन दोहरीकरण के लिए 2,179 करोड़ और डंगोआपोसी-करौली रेलवे लाइन के लिए 1,752 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।*

### एनसीडीसी योजना से 29 करोड़ लोगों को फायदा

*मोदी कैबिनेट ने नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनसीडीसी को 2000 करोड़ रुपये की ग्रांट-इन-एड को मंजूरी दी। यह राशि चार सालों (2025-26 से 2028-29 तक) में हर साल 500 करोड़ रुपए की दर से दी जाएगी। यह फंड सहकारी संस्थाओं को नए प्रोजेक्ट शुरू करने, प्लांट का विस्तार करने और कार्यशील पूंजी (वर्किंग कैपिटल) की जरूरतों को पूरा करने के लिए लोन देने में इस्तेमाल किया जाएगा। ये लोन करीब 8.25 लाख सहकारी समितियों को जाते हैं, जिनमें 29 करोड़ सदस्य हैं। 94% किसान इससे जुड़े हैं।*

## भारत निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल को अंतिम रूप दिया

- जगदीप धनखड़ के पद से इस्तीफे के कारण आवश्यक हो गया चुनाव
- राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य होते हैं शामिल

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल को अंतिम रूप दे दिया है। यह चुनाव जगदीप धनखड़ के पद से इस्तीफे के कारण आवश्यक हो गया है। आयोग ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं। एक बयान में, चुनाव प्राधिकरण ने कहा कि उसने 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि निर्वाचक मंडल की सूची अधिसूचना की तारीख से चुनाव आयोग कार्यालय में स्थापित एक काउंटर पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगी, जिसकी घोषणा जल्द ही होने की संभावना है। धनखड़ ने अपने कार्यकाल की समाप्ति से लगभग दो साल पहले, 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था।

### तीन मुख्य तैयारियां

- इलेक्टोरल कॉलेज (मतदाता समूह) की तैयारी, जिसमें राज्यसभा और लोकसभा के निर्वाचित और मनोनीत सदस्य शामिल हैं।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति।
- पिछले सभी उपराष्ट्रपति चुनावों पर पृष्ठभूमि सामग्री तैयार करना और उसे साझा करना।

### 31 राज्यों के 4,543 अनाथ बच्चों को मिल रहा 'पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन' योजना का लाभ : आरटीआई

**नई दिल्ली (भाषा)।** कोविड-19 वैश्विक महामारी में अपने माता-पिता या अभिभावकों को खोने वाले 31 राज्यों के 4,543 बच्चों को 'पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन' योजना के तहत लाभ प्रदान किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन' योजना के तहत 9,300 से अधिक आवदन प्राप्त हुए थे।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

वरि. मंडल, विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया जा सकता है। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जाएगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण: | निविदा बंद/खुलने की तिथि: 22.08.2025 |
|---|---|---|---|
| 1. | ETrU-T-05-2025-26 | गुरने रेलवे स्टेशन पर दूसरे लूप के प्रावधान के साथ 50 हर्ट्ज, एकल चरण 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग हेतु कार्य। | लगभग लागत: ₹1,53,52,104/- |
| | | | धरोहर राशि: ₹2,26,800/- |
| | | | कार्य पूरा करने की अवधि: 06 महीने |
| | | | वैधता अवधि: 60 दिन |

निविदा फार्म की कीमत: Downloading through IREPS, portal-NIL, (₹5,000/- Sr. DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए)

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई–निविदा में भाग लेने के लिए Class-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागू हैं एवं इस प्रकार हैं: **"Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE"** 5. टेंडर डाक्यूमेंटस एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जायें।

सं.: ETrU-T-05-2025-26 दिनांक: 31.07.2025 2338/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### सोना 500 रुपये टूटा, चांदी में 2,000 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। रुपये में मजबूती के कारण कीमती धातु की कीमत पर अंकुश लगा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। इसके अलावा, बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 2,000 रुपये टूटकर 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। बुधवार को यह 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### सेंसेक्स 296 अंक लुढ़का निफ्टी भी नुकसान मे

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी पर बृहस्पतिवार को विराम लगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स दोपहर के कारोबार में थोड़ा सुधरा और अंत में 296.28 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,185.58 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 86.70 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,768.35 अंक पर बंद हुआ।

## तमिलनाडु में राजनीतिक अवसरवादिता

# पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा को छोड़ कर लिया स्टालिन से 'गठजोड़'

**मार्निंग वॉक में हुआ मेल और हो गया खेल नाटकीय घटनाक्रम से सियासी हलचल तेज**



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं लेकिन राज्य की राजनीति करवटें लेने लगी है। एक नाटकीय घटनाक्रम में गुरुवार सुबह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और एआईएडीएमके से निष्कासित नेता ओ पन्नीरसेल्वम ने एनडीए से अलग होने की घोषणा की। बुधवार को चेन्नई में मॉर्निंग वॉक के दौरान सीएम एमके स्टालिन संग मुलाकात के कुछ घंटे बाद पनीरसेल्वम ने इसका ऐलान किया। चर्चा थी कि ओपीएस भाजपा से नाराज चल रहे थे। वे तमिलनाडु के गंगईकोंडा चोलपुरम की अपनी हालिया यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनसे मिलना उनके लिए अद्वितीय सम्मान होगा, पर नहीं मिल सके।


**भारतीय खेल प्राधिकरण**
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
**भारत सरकार** / GOVERNMENT OF INDIA
**खेल विभाग** / DEPARTMENT OF SPORTS
(AN AUTONOMOUS BODY UNDER MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS) **(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)**

Room No. 210, SAI-Head Office Building, SAI-Headquarter, Jawaharlal Nehru Stadium Complex (East Gate-No. 10) Lodhi Road, New Delhi-110003

**फाइल संख्या: 01-04001(02)/12/2024-एचओ कार्मिक प्रभाग दिनांक: 23.07.2025**

**भारतीय खेल प्राधिकरण अनुबंध के आधार पर वरिष्ठ प्रमुख (खेल विज्ञान) की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है**

युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), अधिकतम 4 वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर वरिष्ठ प्रमुख (खेल विज्ञान) के 01 पद पर नियुक्ति के लिए पात्र, योग्य और प्रेरित भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। पद का विवरण और अन्य विवरण SAI की वेबसाइट यानी **http://sportsauthorityofindia.nic.in** पर उपलब्ध है। आवेदन करने का कार्यक्रम नीचे दिया गया है: -

1. **आवेदन पत्र जमा करने की तिथि: 24.07.2025**
ii. **आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि: 07.08.2025 (शाम 05:00 बजे)**

**उपनिदेशक**
**भर्ती सेल**
**भाखेप्रा मुख्य कार्यालय**

CBC 47103/12/0003/2526



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति नाम **कमल किशोर वर्मा,** मालिक मेसर्स हरि ओमा कलेक्शन्स 385/ए/12, कृष्णा कॉलोनी, न्यू कॉलोनी के पास गुड़गांव ने **CC No. 538602/16 U/s 138 NI Act थाना: देश बंधु गुप्ता रोड, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कमल किशोर वर्मा,** मिल रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कमल किशोर वर्मा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 538602/16 U/s 138 NI Act थाना: देश बंधु गुप्ता रोड, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **कमल किशोर वर्मा,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अरविन्द तोमर**
**जेएमएफसी–07, कमरा नंबर 507**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/10111/CD/2025**
**(Court Matter)**


## तेलंगाना में दलबदलू विधायकों को कोर्ट की चेतावनी

# विस अध्यक्ष 3 महीने के अंदर फैसला सुनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

### सुप्रीम कोर्ट ने विधायकों की अयोग्यता पर दिया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना में दलबदल करने वाले भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों की अयोग्यता पर तेजी से निर्णय लेने का निर्देश विधानसभा अध्यक्ष को दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि यह फैसला 3 महीने के भीतर करें वरना लोकतंत्र को नुकसान पहुंच सकता है। कोर्ट का यह आदेश तब आया है जब कांग्रेस में शामिल हुए 10 बीआरएस विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर 7महीने बाद भी कोई फैसला नहीं हुआ। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यदि स्पीकर समय पर कार्रवाई नहीं करते तो यह 'ऑपरेशन सफल, मरीज मृत' वाली स्थिति होगी।

### 7 महीने से नहीं भेजा गया नोटिस

कोर्ट ने नाराजगी जताई कि स्पीकर ने 7महीने तक अयोग्यता याचिकाओं पर कोई नोटिस तक जारी नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि जब ऐसी याचिकाओं पर इतनी देरी होती है, तो यह लोकतंत्र को कमजोर करता है।



### सीएम की टिप्पणी पर भी जताई नाराजगी

सुप्रीम कोर्ट ने सीएम रेवंत रेड्डी की विधानसभा में की गई टिप्पणी पर भी नाराजगी जताई, जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य में कोई उपचुनाव नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि एक जिम्मेदार नेता को ऐसी टिप्पणी से बचना चाहिए। स्पीकर की भूमिका न्यायिक समीक्षा के दायरे में आती है।

### हाई कोर्ट के आदेश को पलटा

सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाई कोर्ट के उस आदेश को भी रद्द कर दिया जिसमें कहा गया था कि स्पीकर 'उचित समय' में फैसला लें। कोर्ट ने माना कि पहले दिए गए आदेशों से कार्रवाई में देरी ही हुई है।


**पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण (संसद के अधिनियम द्वारा निर्मित सांविधिक प्राधिकरण) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार प्लांट अथॉरिटी भवन, देव प्रकाश शास्त्री मार्ग, राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र परिसर के निकट, टोडापुर के सामने, नई दिल्ली 110012**

PPVFRA

**अंतिम तिथि बढ़ाने की सूचना**

पादप जीनोम संरक्षक समुदाय पुरस्कार एवं कृषक सम्मान व मान्यता के लिए वर्ष 2024-25 का विज्ञापन कृषक समुदाय और व्यक्तिगत कृषकों से आवेदन आमंत्रित करने के लिए के लिए देश के विभिन्न प्रमुख समाचार पत्रों में दिनांक 5 मई, 2025 को प्रकाशित किया गया था। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 4 अगस्त, 2025 है जिसे सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर, 2025 निर्धारित की गयी है।

**(उमाकान्त दुबे)**
**उप-पंजीकार एवं प्रभारी प्रशासन**

CBC 01146/12/0002/2526



**JOIN ARMY DENTAL CORPS**
AS SHORT SERVICE COMMISSIONED OFFICER FOR A PROMISING & CHALLENGING CAREER: 2025

**सेना डेंटल कोर में शॉर्ट सर्विस कमीशन के अनुदान के लिए भारतीय नागरिकों, पुरुष और महिला दोनों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

**योग्यता:** उम्मीदवारों को डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त कॉलेज/विश्वविद्यालय से बीडीएस/एमडीएस डिग्री धारक होना चाहिए।
**आयु सीमा:** उम्मीदवार की आयु **31** दिसम्बर **2025** को **45** वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

Online applications are invited from Indian citizens, both male and female, for grant of Short Service Commission in the Army Dental Corps.
**QUALIFICATION:**
Candidates must be BDS/MDS Degree holder from a College/University recognized by Dental Council of India (DCI).
**AGE LIMIT:** The candidate must not have attained **45** yrs of age as **on 31 Dec 2025**.

अधिक जानकारी के लिए **Aug 2025 का Employment News/Rozgar Samachar** देखें।
**पात्रता का विवरण, शर्तें, अनुदेश और ऑनलाइन आवेदन 18 Aug 2025 के पश्चात www. join.afms.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।**

**For more information, see Employment News/Rozgar Samachar issue of Aug 2025. Details of Eligibility, Terms & Conditions, Instructions and Online Applications will be available on the website www.join.afms.gov.in from 18 Aug 2025 onwards.**

CBC 10601/11/0043/2526

## चिंतन

# यूएस से तेज जीडीपी भारत का हमारी अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत

गिद्ध के चाहने से कौवे की मौत नहीं होती है। करीब 200 वर्ष तक दमनकारी-शोषणकारी अंग्रेजी हुकूमतों के बावजूद भारत सीना तानकर खड़ा है और दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यस्था है। जर्मनी को पछाड़कर चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कगार पर है। भारत बहुत जल्द विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप के भारत को डेड इकोनॉमी कह देने से भारतीय अर्थव्यवस्था मृत नहीं हो जाती है। अमेरिका खुद विश्व का सबसे बड़ा कर्जदार देश है। अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज करीब 37 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 32 लाख अरब रुपये को पार कर गया है। अमेरिका का कर्ज पर ब्याज चुकाने का खर्च हर साल 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच रहा है। ट्रंप शायद भूल रहे हैं कि अमेरिकी बॉण्ड से अगर चीन, जापान व भारत अपना पैसा निकाल लें तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था का बुलबुला तुरंत फट जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान जहां हकीकत से परे है, वहीं यह ट्रेड वार्ता को अंतिम रूप देने से पहले नई दिल्ली पर दबाव की टैक्टिस है। ट्रंप ने इसी तरह की टैक्टिस यूरोपीय संघ, जापान व अन्य देशों के साथ अपनाई थी। भारत कभी भी अमेरिकी दबाव व टैक्टिस के आगे नहीं झुकेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत घरेलू खपत है, वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.4 प्रतिशत ही है। भारत की अर्थव्यवस्था की बुनियाद बहुत मजबूत है। इसलिए जब 2008 जैसी मंदी आती है तो अमेरिकन बैंकिंग सिस्टम धराशायी हो जाता है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था पर फर्क नहीं पड़ता है। भारत के वित्तीय और बैंकिंग सिस्टम बेहद मजबूत व रेगुलेटेड हैं, भारत का रिजर्व भंडार नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक है, भारत दुनिया के शीर्ष 10 स्वर्ण भंडार वाले देशों में शामिल है और 7वें स्थान पर है। भारत में जीवनयापन विश्व में सबसे सुलभ है। भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती की बयां वैश्विक व अमेरिकी वित्तीय संस्थाएं ही कर रही हैं। ट्रंप के घृणित बयान के पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 29 जुलाई को अपने सदस्य देशों का वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्लूईओ) का नया आकलन जारी किया था। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 व वित्त वर्ष 2026-2027 के लिए 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि अमेरिकी जीडीपी के लिए विकास की दर 1.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। विश्व बैंक ने अप्रैल में 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि दर का अनुमान 6.3 फीसदी लगाया है, व कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। एशियाई विकास बैंक ने अभी 23 जुलाई को ही अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी 2025 में 6.5 फीसदी और 2026 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ेगी। ग्लोबल क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने छह मई को जारी अपनी रिपोर्ट में 2025 में जीडीपीदर 6.3 फीसदी व 2026 में 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। एसएंडपी ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। फिच रेटिंग्स ने इस साल 22 मई को 2028 तक के लिए भारत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया था। परामर्श कंपनी ईवाई इंडिया कहा कि विश्व अर्थव्यवस्था का केंद्र 'ग्लोबल साउथ' की ओर स्थानांतरित हो रहा है और जिसके लिए भारत ने खुद को अग्रणी भूमिका में रखा है। पेरिस स्थित आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। सभी वित्तीय आंकड़े भारत के पक्ष में हैं। ट्रंप का बयान पूर्व की तरह एक और झूठ है।



**हेल्थ रिपोर्ट**
रोहित कौशिक

# स्वास्थ्य सेवाओं में अभी और सुधार की जरूरत

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बिजनौर में मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल परिसर में पीपीपी मोड पर संचालित डायलिसिस विंग में डायलिसिस के दौरान बिजली गुल होने से एक मरीज की मौत हो गई। अस्पताल के जेनरेटर में डीजल भी नहीं था। आश्चर्यजनक यह है कि घटना के समय सीडीओ खुद विंग के निरीक्षण के लिए मौजूद थे। इस दुखद घटना ने एक बार फिर हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। यह सही है कि धीरे-धीरे हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है लेकिन हमारे देश की आबादी की जरूरतों के हिसाब से अभी तक भी स्वास्थ्य ढांचा बेहतर नहीं हो पाया है। जब इस दौर में भी गम्भीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए अस्पतालों में स्ट्रेचर जैसी मूलभूत सुविधाएं न मिल पाएं, तो देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठना लाजमी है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। धीरे-धीरे देश का स्वास्थ्य ढांचा सुधर रहा है लेकिन जिस तेजी के साथ इसे सुधरना चाहिए था, यह सुधर नहीं पाया है। कुछ समय पहले नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। नीति आयोग ने कहा था कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और उन्हें देश के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए केन्द्र और राज्यों को मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं की मद में खर्च को बढ़ाना होगा। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। 1940 के बाद से संक्रामक रोगों से प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। अब कई नए रोग हमारे सामने आए हैं और भविष्य में और नए रोग हमारे सामने आ सकते हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले अमेरिका के 'सेंटर फॉर डिजीज डाइनामिक्स, इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी' (सीडीडीईपी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में लगभग छह लाख डॉक्टरों और 20 लाख नर्सों की कमी है। भारत में 10,189 लोगों पर एक सरकारी डॉक्टर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक हजार लोगों पर एक डॉक्टर की सिफारिश की है। इसी तरह हमारे देश मे 483 लोगों पर एक नर्स है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में एंटीबायोटिक दवाइयां देने के लिए उचित तरीके से प्रशिक्षित स्टाफ की कमी है, जिससे जीवन बचाने वाली दवाइयां मरीजों को नहीं मिल पाती हैं। आने वाले समय में हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियां भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेंगी।

इस रिपोर्ट के अनुसार सन 2012 से 2030 के बीच इन बीमारियों के इलाज पर करीब 6.2 खरब डॉलर (41 लाख करोड़ रुपये से अधिक) खर्च होने का अनुमान है। रिपोर्ट में इन बीमारियों के भारत और चीन के शहरी इलाकों में तेजी से फैलने का खतरा बताया गया है। बताया गया है कि असंक्रामक रोग शहरों में रहने वाली मानव आबादी के स्वास्थ्य के लिए ही खतरा नहीं है बल्कि इसके चलते अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होने का अनुमान है। बढ़ता शहरीकरण और वहां पर काम और जीवनशैली की स्थितियां असंक्रामक रोगों के बढ़ने का मुख्य कारण है। सन 2014 से 2050 के बीच में भारत में 404 मिलियन (40 करोड़ चालीस लाख) आबादी शहरों का हिस्सा बनेगी। इसके चलते शहरों में अनियोजित विकास होने से स्थिति बदतर होगी। हमारे देश में व्यवस्था की नाकामी और विभिन्न वातावरणीय कारकों के कारण बीमारियों का प्रकोप ज्यादा होता है। भारत में डॉक्टरों की उपलब्धता की स्थिति वियतनाम और अल्जीरिया जैसे देशों से भी बदतर है। डॉक्टरों की कमी के कारण गरीब लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने में देरी होती है। यह स्थिति अन्ततः पूरे देश के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर गठित संसदीय समिति ने पिछले दिनों जारी अपनी रिपोर्ट में यह माना है कि हमारे देश में आम लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं न मिलने के अनेक कारण हैं। इसलिए स्वास्थ्य सुविधाओं को और तीव्र बनाने की जरूरत है। जनसंख्या वृद्धि के कारण बीमार लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। गौरतलब है चीन ,ब्राजील और श्रीलंका जैसे देश भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमसे ज्यादा खर्च करते हैं। पिछले दिनों योजना आयोग की एक विशेषज्ञ समिति ने भी यह सिफारिश की थी कि सार्वजनिक चिकित्सा सेवाओं के लिए आबंटन बढ़ाया जाए। चिकित्सा सेवा को दुरुस्त बनाकर ही हम आबादी को स्वस्थ रख सकेंगे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भगवा आतंकवाद का गढ़ा गुब्बारा फूटा



**मालेगांव बम धमाका**
अरविंद जयतिलक

> 2008 के मालेगांव बम धमाके मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी आरोपियों को बरी किए जाने से हिंदू आतंकवाद पर काली सियासत करने वाले तथाकथित सेक्युलर दलों की बेचैनी बढ़ गयी है। उनका मुंह काला हुआ है। उनके भगवा आतंकवाद के जुमले की हवा निकल गई है। उनकी बेचैनी इस कदर बढ़ गयी है कि वे अब एनआइए अदालत के फैसले पर परोक्ष रूप से सवाल खड़ा कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि फिर प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात लोगों को फंसाने की साजिश किसके इशारे पर रची गयी? मालेगांव कांड का असली गुनाहगार कौन है?

सत्रह साल बाद 2008 के मालेगांव बम धमाके मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने सभी आरोपियों को निर्दोष करार देते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर पाया कि ब्लास्ट स्थल पर मिली बाइक में आरडीएक्स लगाया गया था। उल्लेखनीय है कि इस मामले में सात लोग आरोपी बनाए गए थे, जिनमें लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय शामिल थे। इन सभी लोगों पर मालेगांव बम धमाके में शामिल होने के तौर पर आरोप लगाए गए थे। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी आरोपियों को बरी किए जाने से हिंदू आतंकवाद पर काली सियासत करने वाले तथाकथित सेक्युलर दलों की बेचैनी बढ़ गयी है। उनका मुंह काला हुआ है।

उनके भगवा आतंकवाद के जुमले की हवा निकल गई है। उनकी बेचैनी इस कदर बढ़ गयी है कि वे अब एनआइए अदालत के फैसले पर परोक्ष रूप से सवाल खड़ा कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है। अब जब हिंदू आतंकवाद का गढ़ा-बुना गया गुब्बारा फट गया है और यह सच भी दुनिया के सामने उजागर हो गया है कि यूपीए सरकार के इशारे पर ही प्रज्ञा सिंह ठाकुर एवं अन्य लोगों को फंसाने की साजिश रची गयी तो अब साजिश रचने वाले किंकर्तव्यविमुढ़ हैं और किस्म-किस्म के कुतर्कों का सहारा ले रहे हैं। कांग्रेस समेत उन सभी तथाकथित सेक्युलर दलों की पोल खुल गयी है जो कभी चीख-चीखकर हिंदू संगठनों को आतंकवाद का कारखाना बताने से हिचकते नहीं थे। उचित होगा कि अब वे देश से क्षमा मांगकर पश्चाताप करें कि हिंदू संस्कृति और संगठनों को बदनाम क्यों किया। लेकिन ऐसा करने के बजाए वे अब भी कुतर्कों के आसन पर जमे हैं। याद होगा कि ज्यों ही साध्वी प्रज्ञा की गिरफ्तारी हुई, कांग्रेस एवं तथाकथित सेक्युलर दलों ने यह प्रचारित करना शुरू कर दिया था कि देश के लिए भगवा आतंकवाद खतरा बन रहा है। ध्यान देना होगा कि जिस समय भगवा आतंकवाद की थ्योरी गढ़ी-बुनी गयी, उस समय कांग्रेसनीत सरकार के गृहमंत्री शिवराज पाटिल थे। उनके बाद गृहमंत्री बने सुशील कुमार शिंदे ने भगवा आतंकवाद को खूब हवा दी। उन्होंने एक कथित जांच रिपोर्ट को आधार बनाते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी पर आतंकवादी ट्रेनिंग कैंप चलाने का आरोप है। तब शिंदे के इस वक्तव्य को लेकर देशभर में आलोचना और निंदा हुई। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह कि सुशील कुमार शिंदे के वक्तव्य को सही ठहराने के लिए कांग्रेस सरकार ने तब मक्का मस्जिद विस्फोट मामले में असली गुनाहगारों को छोड़कर हिंदू संगठनों के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। कुतर्क गढ़ा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जैसे दल अपने सदस्यों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण देते हैं। हद तो तब हो गयी जब उनके बाद पी.चिदंबरम गृहमंत्री बने तो वे भी यह कहते सुने गए कि भगवा आतंकवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक है। भगवा आतंकवाद देश के लिए नई घटना है। गौर कीजिए कि बी रमण जो तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार के मंत्रिमंडलीय सचिवालय के अपर सचिव रहे, उनकी मानें तो भगवा




आतंकवाद की शुरुआत तत्कालीन सरकार की पाकिस्तान और भारतीय मुसलमान समुदाय जो आतंकवाद में लिप्त हैं, के प्रति कथित नरम नीति के कारण हुई। अब जब अदालत ने इस मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया है, के बाद सवाल उठना लाजिमी है कि फिर मालेगांव विस्फोट मामले का असली गुनाहगार कौन है? कहीं ऐसा तो नहीं कि हिंदू संगठनों को बदनाम करने की साजिश में संलिप्त तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार ने असली गुनाहगारों को छोड़ दिया? गौर करें तो भगवा आतंकवाद को सही ठहराने के लिए उस दौरान जितने भी विस्फोट हुए, सभी में हिंदू संगठनों के सदस्यों को ही आरोपी बनाया गया। 2007 के समझौता एक्सप्रेस धमाके में भारतीय सेना के अफसर रहे श्रीकांत पुरोहित को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह अजमेर दरगाह धमाके में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को घेरने की कोशिश की गयी। मालेगांव विस्फोट मामले पर गौर करें तो 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में रमजान के दौरान एक मस्जिद के बाहर मोटरसाइकिल में बम धमाका हुआ था जिसमें सात लोगों की मौत हुई थी। सैकड़ों लोग घायल हुए थे। इन धमाकों की जांच करने वाली महाराष्ट्र पुलिस और मुंबई एटीएस ने साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को धमाकों का मास्टरमाइंड माना और 23 अक्टूबर 2008 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस बम धमाके की शुरुआती जांच मुंबई एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे ने की जो अब दुनिया में नहीं हैं। वे 26/11 आतंकी हमले में शहीद हो गए। एक दशक तक चले मुकदमें के दौरान अभियोजन पक्ष ने 323 गवाहों से पूछताछ की जिनमें से 34 अपने बयान से पलट गए। उस दरम्यान कांग्रेस महासचिव दिग्विजय सिंह समेत कई नेताओं ने खूब कुप्रचारित किया कि इस बम धमाके के पीछे हिंदू संगठनों का हाथ है। यहां तक कि शहीद हुए हेमंत करकरे की हत्या के पीछे भी हिंदू संगठनों के हाथ होने का दावा किया गया। लेकिन 2016 में एनआइए द्वारा पूरक एवं अंतिम जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। तब एनआइए ने अपर्याप्त सबूतों का हवाल देते हुए आरोपियों को क्लीनचिट दे दी। बता दें कि 2009 में मुंबई एटीएस ने इस मामले में अदालत में जो चार्जशीट दाखिल की थी उसमें प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी सात आरोपियों के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए थे। मुंबई एटीएस ने अपनी जांच में कहा था कि विस्फोटक के साथ रखी मोटरसाइकिल साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर की थी और वह मुस्लिम बहुल इलाकों में धमाके के लिए आयोजित बैठकों में शामिल होती थी। मुंबई एटीएस ने यह भी आरोप जड़ा था कि भोपाल में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के साथ हुई एक बैठक में कर्नल पुरोहित ने विस्फोटक मुहैया कराने की बात कही थी। लेकिन अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि कर्नल पुरोहित के घर में आरडीएक्स भंडारण का कोई सबूत नहीं मिला है और न ही यह साबित हुआ है कि उन्होंने बम को असेंबल किया। घटनास्थल से कोई खाली खोल बरामद नहीं हुए जबकि आरोप में फायरिंग की बात कही गई थी। न तो कोई फिंगर प्रिंट और न ही डीएनए सैंपल लिया गया। यहां तक कि मोटरसाइकिल का चेसिस नंबर भी मिटा दिया गया। अदालत ने साध्वी प्रज्ञा सिंह मामले में स्पष्ट कहा है कि मोटरसाइकिल का मालिकाना हक या कब्जे को लेकर कोई ठोस सबूत भी पेश नहीं किया गया। गौरतलब है कि इन सभी पर यह आरोप लगाए गए कि वे फरीदाबाद और भोपाल में साजिश रचने के लिए बैठक में शामिल हुए। लेकिन अदालत ने कहा है कि इसका कोई सबूत नहीं मिला है। अब सवाल यह उठता है कि फिर प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात लोगों को फंसाने की साजिश किसके इशारे पर रची गयी? मालेगांव कांड का असली गुनाहगार कौन है?

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित
**दर्शन**

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


## क्या भोग लगाना पाखंड है?



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार सन 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**पूर्व घटनाओं से भी प्रशासन ने सबक नहीं लिया**

मनसा देवी मंदिर भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई और 40 लोग घायल हो गए। बिजली का करंट लगने से यह घटना हुई है। हाल ही में जगन्नाथपूरी की घटना और बेंगलुरु में खेले गए मैच के दौरान इन दो घटनाओ के बाद भी प्रशासन ने सबक नही लिया। प्रशासन को हर समय सतर्क रहने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर घटनाओं का सिलसिला खत्म होता नजर नही आ रहा है। अक्सर ऐसी घटना ज्यादा भीड़भाड़ वाली जगह पर होती है, लेकिन सरकार को सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए। दर्शन की होड़ और कुप्रबंधन के चलते हादसे हो जाते है। अभी दर्शन के लिए मन्दिरों में पैर रखने की जगह नही रहती है। सावन महीना अगले सप्ताह तक चलेगा। भीड़ बढ़ेगी, जबकि पुलिस प्रशासन अभी भी बन्दोबस्त से आंखे बंद किए हुए है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### ट्रंप प्रशासन के प्रतिबंधों का गंभीर प्रभाव पड़ेगा : फ्रांसेस्का



संयुक्त राष्ट्र की स्वतंत्र जांचकर्ता और गाजा में इजराइल की नीतियों की मुखर आलोचक फ्रांसेस्का अल्बानीज ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने हाल ही में उन पर जो प्रतिबंध लगाए हैं, उनका उनके जीवन और काम पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। फ्रांसेस्का गाजी पट्टी और वेस्ट बैंक के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष वार्ताकार हैं। वह जेनेवा में 47 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की ओर से चुने गए एक विशेषज्ञ समूह की सदस्य भी हैं। फ्रांसेस्का को फलस्तीनी क्षेत्र में मानवाधिकारों के कथित हनन की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। वह गाजा पट्टी में फलस्तीनियों के "नरसंहार" को लेकर इजराइल की मुखर आलोचक रही हैं। हालांकि, इजराइल और उसे सैन्य सहायता उपलब्ध कराने वाले अमेरिका, दोनों ने फ्रांसेस्का के आरोप का दृढ़तापूर्वक खंडन किया है। अमेरिका ने कहा कि उसके और इजराइल के खिलाफ एक तरह का "राजनीतिक और आर्थिक युद्ध अभियान" चलाया जा रहा है। ट्रंप प्रशासन ने फ्रांसेस्का को उनके पद से हटाने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर दबाव डाला था, लेकिन वह इसमें नाकाम रहा, जिसके बाद उसने जुलाई की शुरुआत में उन पर प्रतिबंध लगा दिए।

## ऑफ बीट

### पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न



पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमुख कारण है, और इसकी आर्थिक लागत मधुमेह या कैंसर से भी अधिक है। सबसे आम दीर्घकालिक दर्द पीठ दर्द है। कई मरीज़ – और डॉक्टर – पीठ की विभिन्न समस्याओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनके बारे में उन्हें संदेह है कि यह दर्द का कारण हो सकता है। इसलिए वे हर तरह के उपचार आज़माते हैं, लेकिन अक्सर कोई फायदा नहीं होता। वैज्ञानिकों की बढ़ती संख्या अब यह मानती है कि पुराने पीठ दर्द के कई मामले मुख्य रूप से मस्तिष्क में परिवर्तन के कारण होते हैं। दर्द किसी चोट से उत्पन्न हो सकता है, लेकिन फिर दर्द प्रणाली वहीं 'अटक' सकती है।

## ट्रेंड

### कांग्रेस का अपराध



मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा है। यह निर्णय कांग्रेस के सनातन विरोधी चरित्र को पुनः उजागर करता है, जिसने 'भगवा आतंकवाद' जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर अपराध किया है।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### सत्य की विजय



मालेगांव ब्लास्ट केस में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर एवं लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी अभियुक्त निर्दोष साबित हुए हैं। यह सत्य की विजय है, वह सत्य जो वर्षों से कांग्रेस द्वारा गढ़े गए 'हिंदू आतंकवाद' के झूठे नैरेटिव के विरुद्ध संघर्षरत था।

**-डॉ. मेधा कुलकर्णी, राज्यसभा सांसद**

### मेढ़े का निधन दुखद



राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका प्रमिल मौसी मेढ़े के निधन का समाचार दु:खद है। उन्हें मातृशक्ति को जागरूक करने व राष्ट्र निर्माण में सशक्त भूमिका निभाने के लिए सदैव स्मरण किया जाएगा।

**नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### आत्मनिर्भरता



मित्र देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर कल 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की नई उभरी चुनौती को केन्द्र सरकार इसे अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# इगा स्वियातेक का विजय अभियान जारी, आसान जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंची

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीन की गुओ हान्यू को 6-3, 6-1 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया।

विंबलडन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराने के बाद पहली बार कोई मैच खेल रही स्वियातेक ने जल्द ही 4-0 की बढ़त बना ली और फिर अपने विजय अभियान को 24 मैच तक पहुंचा दिया। पोलैंड की विश्व में दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक का अगला मुकाबला जर्मनी की ईवा लिस से होगा, जिन्होंने रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-3, 6-4 से हराया।



## शेल्टन ने मन्नारिनो को हराया

टोरंटो। बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन के अपने पहले मैच में एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी 25वीं जीत दर्ज की। 22 वर्षीय बेन शेल्टन फिलहाल पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर हैं। वह पिछले 10 में से 8 मुकाबले जीत चुके हैं। शेल्टन ने मैच के बाद कहा, आखिरी गेम में थोड़ा तनाव जरूर था, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अंत तक संयमित रहा और ब्रेक प्वॉइंट पर भी सर्व करते हुए मैच को खत्म कर पाया। अब शेल्टन का अगला मुकाबला 25वें वरीय ब्रैंडन नकाशिमा से होगा, जिन्होंने हमवतन खिलाड़ी एथन क्विन को 7-6(6), 6-4 से हराया। टोरंटो में इस फोर्टनाइट के दौरान शेल्टन अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश में हैं। एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में फिलहाल नौवें स्थान पर हैं। इस साल वह निट्टो एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने की ओर बढ़ रहे हैं।





## रुबलेव ने दर्ज की 250वीं जीत

इससे पहले, आंद्रे रुबलेव ने ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपने करियर की 250वीं जीत दर्ज की। 27 वर्षीय रुबलेव ने गैस्टन के खिलाफ 19 विनर्स और 17 अनफोर्स्ड एरर्स के साथ मुकाबला समाप्त किया और तीसरे दौर में प्रवेश किया। छठे वरीय रुबलेव ने पिछले साल इसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में फाइनल तक का सफर तय किया, जहां उन्हें एलेक्सी पोपिरिन से हार का सामना करना पड़ा था। इस सीजन का अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश में दोहा ओपन चैंपियन रुबलेव अब 28वें वरीय लोरेंजो सोनेगो से भिड़ेंगे।

## गैब्रियल तीसरे दौर में अब मुकाबला फ्रिट्ज से

टोरंटो। कनाडा के लंबे कद के खिलाड़ी गैब्रियल डायलो ने इटली के माटेओ गिगांटे को 6-3, 7-6 (5) से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। मॉन्ट्रियल के रहने वाले छह फुट आठ इंच लंबे दाएं हाथ के खिलाड़ी डायलों ने बारिश से प्रभावित मैच में एक घंटे 46 मिनट में जीत दर्ज की। डायलो ने पिछले महीने नीदरलैंड में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता था। अब उनका सामना अमेरिका के दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने स्पेन के रॉबर्टो कार्बालेस बाएना को 7-5, 7-6 (1) से हराया। दूसरे दौर के अन्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने फ्रांस के क्वालीफायर एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से और रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराया।

## खबर संक्षेप




### प्रो कबड्डी लीगः 29 अगस्त से चार शहरों में खेली जाएगी

**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 12वां सत्र 29 अगस्त से शुरू होगा और इसे चार शहरों विशाखापट्टनम, जयपुर, चेन्नई और नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार बताया कि नए सत्र के पहले दिन विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगू टाइटन्स का सामना तमिल थलाइवाज से और बेंगलुरु बुल्स का पुनेरी पल्टन से होगा। विशाखापट्टनम में 2018 के बाद पहली बार पीकेएल के मैच खेले जाएंगे। पीकेएल का दूसरा चरण 12 सितंबर से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां टूर्नामेंट ने 2023-24 के सत्र में अपने 1,000 मैच पूरे किए थे। तीसरा चरण 29 सितंबर से चेन्नई के एसडीएटी इंडोर स्टेडियम में जबकि चौथा और अंतिम चरण 13 अक्टूबर से नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्लेऑफ़ का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा।

### जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी में खेलेंगी 30 टीमें



**काकीनाडा।** हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप शुक्रवार से शुरू होगी, जिसमें कुल 30 टीम भाग लेंगी। इस बार यह प्रतियोगिता डिवीजन आधारित प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें टीमों को तीन डिवीजन ए, बी और सी में बांटा गया है। प्रतियोगिता 12 अगस्त तक चलेगी। ए और बी डिवीजन में सबसे नीचे रहने वाली दो टीमों को अगले वर्ष के टूर्नामेंट में क्रमशः बी और सी में रेलीगेट कर दिया जाएगा जबकि बी और सी डिवीजन की शीर्ष दो टीमों को क्रमशः ए और बी डिवीजन में जगह मिलेगी। डिवीजन ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं। इसके पूल ए में गत वर्ष की चैंपियन हॉकी झारखंड, पूल बी में पिछले वर्ष की उपविजेता हॉकी मध्य प्रदेश और पूल सी में तीसरे नंबर की टीम हॉकी हरियाणा शामिल है।

### राष्ट्रमंडल युवा खेलों की मेजबानी करेगा माल्टा



**नई दिल्ली।** माल्टा 2027 में राष्ट्रमंडल युवा खेलों के आठवें चरण की मेजबानी करेगा, जिसमें 74 देशों के 14 से 18 वर्ष के खिलाड़ी आठ खेलों में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की संचालन संस्था ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रमंडल खेलों की संस्था ने हालांकि इनकी तारीखों की घोषणा नहीं की कि लेकिन कहा कि यह 2027 के अंत में आयोजित होंगे। राष्ट्रमंडल खेल ने कहा, 'राष्ट्रमंडल खेल को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आठवें राष्ट्रमंडल युवा खेल की मेजबानी माल्टा 2027 के अंत में करेगा। माल्टा 2027 में 74 देशों और क्षेत्रों के 14 से 18 वर्ष के लगभग 1150 खिलाड़ियों का स्वागत करेगा।'

### पांचवां टेस्ट : एटकिंसन और टंग ने दो-दो विकेट झटके

# नायर का अर्धशतक, भारत के छह विकेट पर 204 रन

## शुभमन ने तोड़ा गावस्कर का रिकॉर्ड

भाषा ▶▶| लंदन

भारतीय टीम में वापसी कर रहे करुण नायर ने अर्धशतक जड़ा लेकिन गस एटकिंसन और जोश टंग की धारदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के वर्षा से प्रभावित पहले दिन बृहस्पतिवार को यहां मेहमान टीम का पहली पारी में स्कोर छह विकेट पर 204 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा। एटकिंसन (31 रन पर दो विकेट) और टंग (47 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने भारत ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और गेंदबाजी की अनुकूल परिस्थितियों में नायर के अलावा उसका कोई अन्य बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। बारिश के कारण पहले दिन 64 ओवर का ही खेल संभव हो पाया। भारत ने 153 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद नायर (नाबाद 52 रन, 98 गेंद, सात चौके) और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 19 रन) ने सातवें विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को वापसी दिलाने का प्रयास किया। भारत के लिए पहले दो सत्र की तरह तीसरे सत्र में भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक छोर पर टिककर खेल रहे साई सुदर्शन (38) टंग की शानदार आउटस्विंगर पर विकेटकीपर जेमी स्मिथ के हाथों लपके गए जिससे भारत का स्कोर चार विकेट पर 101 रन हो गया। नायर ने टंग के अगले ओवर में दो चौके मारे लेकिन इस तेज गेंदबाज ने रविंद्र जडेजा (09) को स्मिथ के हाथों कैच कराके भारत को पांचवां झटका दिया। जडेजा ने चौथे टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद शतक जड़कर वाशिंगटन के साथ मिलकर भारत को हार से बचाया था। ध्रुव जुरेल 19 रन की पारी के दौरान अच्छी लय में नजर आए। वह गस एटकिंसन की अंदर आती गेंद पर पगबाधा होने से बचे लेकिन अगली गेंद पर दूसरी स्लिप में हैरी ब्रूक को कैच दे बैठे। नायर ने जेमी ओवरटन पर लगातार दो चौकों के साथ दबाव कम करने का प्रयास किया। नायर और वाशिंगटन ने इंग्लैंड के गेंदबाजों का डटकर सामना किया। नायर ने 62वें ओवर में जैकब बेथेल की गेंद पर दो रन के साथ 89 गेंद में अपने करियर का पहला अर्धशतक पूरा किया और साथ टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। इससे पहले बारिश के कारण लंच और चाय के बीच सिर्फ छह ओवर का खेल हो गया जिसमें भारत ने कप्तान शुभमन गिल (21) का विकेट गंवाकर 13 रन बनाए। लंच से पहले अचानक आई बारिश के कारण दूसरे सत्र का खेल स्थानीय समयानुसार दोपहर तीन बजे शुरू हुआ।



### गिल ने गैरी सोबर्स का 59 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

पांचवें टेस्ट मैच में गुरुवार को कप्तान गिल बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरे। गिल ने अपना खाता छठी गेंद पर जैसे ही खोला उसके साथ ही उनके इस टेस्ट सीरीज में कुल 723 रन हो गए और वह एसईएनए देशों में बतौर कप्तान एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड गैरी सोबर्स के नाम पर था, जिन्होंने साल 1966 में इंग्लैंड दौरे पर खेली गई टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान कुल 722 रन बनाए थे।

### गावस्कर के रिकॉर्ड को गिल ने किया ध्वस्त

ओवल टेस्ट मैच में शुभमन गिल ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की, जिसमें वह अब भारत के लिए एक टेस्ट सीरीज में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। शुभमन गिल ने इस मामले में सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया है, जिसमें गावस्कर ने साल 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान कुल 732 रन बनाए थे। अब इस लिस्ट में शुभमन गिल टॉप पर पहुंच गए हैं।

### एक टेस्ट सीरीज में भारतीय कप्तान के सर्वाधिक रन

| | | |
|---|---|---|
| 733 रन | शुभमन | 2025 |
| 732 रन | गावस्कर | 1978/79 |
| 655 रन | कोहली | 2016/17 |
| 610 रन | कोहली | 2017/18 |
| 593 रन | विराट | 2018 |

### विदेशी चुनौतियों से पार पाना हमेशा विशेष होता हैः जुरेल

भारत के विकेटकीपर ध्रुव जुरेल समझते हैं कि विदेशी परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने से खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ता है और वह चोटिल उप कप्तान ऋषभ पंत की जगह इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### शतरंज

# प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी : दिव्या



एजेंसी ▶▶| नागपुर

ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने कहा है कि हमवतन कोनेरू हम्पी के खिलाफ फिडे महिला विश्व कप फाइनल खेलते समय उन पर किसी भी तरह का दबाव नहीं था क्योंकि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं था। दिव्या जॉर्जिया के बातुमी से नागपुर पहुंचीं और एक विश्व चैंपियन के तौर पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

हवाई अड्डे पर लोगों के दिखाए गए स्नेह से यह युवा खिलाड़ी अभिभूत थी। उन्नीस साल की दिव्या ने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन 38 वर्षीय हम्पी को दो क्लासिकल दौर के ड्रॉ रहने के बाद समय-नियंत्रित टाई-ब्रेक में हराया। यह दिव्या के करियर की सबसे बड़ी सफलता रही।

दिव्या से जब पूछा गया कि क्या वह फाइनल में दबाव में थीं तो उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगा कि मैं मुश्किल में थी। मुझे लगता है कि उन्होंने (हम्पी) जो आखिरी गलती की, उसी ने मुझे जीत दिलाई।' उन्होंने कहा, 'मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी। मैं किसी और चीज के बारे में नहीं सोच रही थी।'

### कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की

दिव्या ने इस प्रतियोगिता में एक छुपी रूस्तम के तौर पर प्रवेश किया था और उनका लक्ष्य ग्रैंडमास्टर नॉर्म जीतने का था और आखिरकार वह ग्रैंडमास्टर बन गईं। दिव्या ने सिर्फ ग्रैंडमास्टर नॉर्म ही नहीं हासिल किया बल्कि टूर्नामेंट भी जीत लिया और अगले साल के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की की। साथ ही 50 हजार अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि भी हासिल की। इस खिलाड़ी को उम्मीद है कि उनकी सफलता के बाद भारत में महिला शतरंज काफी लोकप्रिय होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि इस सफलता के बाद महिलाएं विशेषकर युवा खिलाड़ी इस खेल को बड़े पैमाने पर अपनाएंगी।

### नेपाल करेगा मेजबानी

# विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर का शेड्यूल जारी




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के क्वालीफायर मैच का शेड्यूल आईसीसी ने जारी कर दिया है। क्वालीफायर मैचों का आगाज 12 जनवरी 2026 से होगा, जो कि 2 फरवरी 2026 तक खेला जाएगा, जिसकी मेजबानी नेपाल को दी गई है। 21 दिन के इस इवेंट में कुल 10 टीमें दो अलग-अलग जगह मुलपानी, काठमांडू में आपस में भिडेंगी।

- 21 दिन के इवेंट में 10 टीमें आपस में भिड़ेंगी

बांग्लादेश और आयरलैंड की टीमों ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलकर पहले ही क्वालीफायर के लिए सीधी एंट्री कर ली है, जबकि थाईलैंड और नेपाल ने, जबकि यूएसए ने टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अब बची हुई 5 टीमों में से दो-दो टीमें अफ्रीका और यूरोप, जबकि एक टीम ईस्ट एशिया पैसेफिक से ली जाएगी।


दरअसल, नेपाल में होने वाले आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2026 का क्वालीफायर अहम होगा, जिसमें 10 टीमों को दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है। हर एक ग्रुप में 5 टीमें होगी। इसके बाद सुपर सिक्स स्टेज और फाइनल मैच खेला जाएगा। पूरे शेड्यूल का ऐलान जल्द ही घोषित किया जाएगा।

### इवेंट की शुरुआत 12 जून से

आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के शेड्यूल का पहले ही ऐलान हो गया है, जिसमें इंग्लैंड और वेल्स को मेजबानी मिली हैं। इस इवेंट की शुरुआत 12 जून से होनी है, जिसका फाइनल 5 जुलाई 2026 को खेला जाएगा। वहीं इन 24 दिनों के अंतराल में कुल 33 मैच खेले जाएंगे, जो कि 7 वेन्यू पर खेले जाएंगे, जिसमें ओल्ड ट्रैफर्ड, हेंडिग्ले, हैम्पशायर बॉल, ब्रिस्टोल काउंटी ग्राउंड शामिल है। वहीं, इस बार महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मैच बेहतरीन होगा, क्योंकि वह लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

# सीनियर राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप 23 अगस्त से नई दिल्ली में होगी शुरू

**नई दिल्ली।** सीनियर राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 28 अगस्त तक नई दिल्ली में किया जाएगा। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ (एसआरएफआई) ने गुरुवार को यह घोषणा की। एसआरएफआई के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा, 'हमारी सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप तीन हफ्ते बाद दिल्ली के ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता की तारीखें 23 से 28 अगस्त हैं।' उन्होंने कहा, 'इस प्रतियोगिता में अधिकतर शीर्ष खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है।' एसआरएफआई ने टेक दिग्गज एचसीएल के साथ मिलकर गुरुवार को एचसीएल इंडिया स्क्वाश टूर 2025-26 का भी शुभारंभ किया। पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) टूर का भारत के छह शहरों में विस्तार हो चुका है और पीएसए देश में



अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा लाएगा, जिससे पीएसए रैंकिंग अंक, बढ़ा हुआ नकद पुरस्कार और घरेलू खिलाड़ियों के लिए विश्व स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने की राह मिलेगी। नए सिरे से तैयार किए गए 2025-26 सत्र में जयपुर, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, अहमदाबाद और नई दिल्ली शामिल हैं।

# भारतीय पहलवान रचना और अश्विनी अंडर-17 विश्व चैंपियन, मोनी उपविजेता

भाषा ▶▶| एथेंस

भारतीय पहलवान रचना (43 किग्रा) और अश्विनी विश्नोई (65 किग्रा) बृहस्पतिवार को अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में चैंपियन बनीं जबकि मोनी महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक से चूक गईं। रचना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में चीन की शिन हुआंग को 3-0 से हराया जबकि अश्विनी ने उज्बेकिस्तान की मुखय्यो राखिमजोनोवा को इसी अंतर से मात दी। मोनी को कजाकिस्तान की मदखिया उस्मानोवा के खिलाफ कड़े मुकाबले में 5-6 से मिली हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कोमल वर्मा ने 49 किग्रा वर्ग में देश को कांस्य पदक दिलाया।

- रचना (43 किग्रा), अश्विनी विश्नोई ने (65 किग्रा) में खिताब जीता
- मोनी महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक से चूकी

उन्होंने कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में एनहेलिना बुर्किना को 8-3 से हराया। भारत के कम से कम दो और पदक पक्के हो गए हैं जिसमें यशिता (61 किग्रा) और काजल (73 किग्रा) खिताबी मुकाबले में उतरेंगी जबकि मनीषा 69 किग्रा में कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी। हालांकि बृहस्पतिवार को सभी भारतीय पहलवान पोडियम तक नहीं पहुंच पाए। प्रीति यादव (40 किग्रा) और कशिश गुर्जर (46 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में क्रमशः मैसी अन्ना क्लेयर इलियट और जैकलिन रोज़ बुज़ाकिस से हारकर बाहर हो गईं। सारिका 53 किग्रा भार वर्ग में जापान की रियोन ओगावा से हारकर क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गईं।

### मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# मन्नेपल्ली पहुंचे क्वार्टर फाइनल में, हांगकांग के चियुक को हराया

एजेंसी ▶▶| मकाऊ

भारत के तरुण मन्नेपल्ली शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू को हराकर मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए । तरुण ने दुनिया के 15वीं रैंकिंग वाले ली को 19-21, 21-14, 22-40 से हराया । इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे थे । अब उनका सामना चीन के हू झे अन से होगा । आयुष शेट्टी को मलेशिया के जस्टिन होह ने 21 . 18, 21 . 16 से हरा दिया।





### लक्ष्य ने किया कमाल

वहीं, लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्डोयो को रोमांचक मुकाबले में 21-14, 14-21, 21-17 से हराया। पुरुष वर्ग में आयुष शेट्टी को मलेशिया के जस्टिन होह ने 21-18, 21-16 से हराकर बाहर कर दिया। महिला एकल में भारत की रक्षिता रामराज थाईलैंड की बुसानन आंगबामरूंगफान से 14-21, 21-10, 21-10 से हार गईं।

### डबल्स में भारत को झटका

मिश्रित युगल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को मलेशिया की जोड़ी जिम्मी वोंग और लेई पेई जिंग से 19-21, 21-13, 21-18 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष युगल में पृथ्वी रॉय और के साइ प्रतीक मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से सीधे गेमों में 21-18, 21-18 से हार गए।

## खबर संक्षेप



### गौरीकुंड व सोनप्रयाग में भूस्खलन, एसडीआरएफ ने 800 को निकाला

**रुद्रप्रयाग।** एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व पुलिस ने गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे तक 800 यात्रियों को निकाला। मौके पर लगभग 60-70 यात्री रुके हैं। भारी बारिश की चेतावनी के बीच तैयारियों पर राज्य के आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि कहीं नुकसान नहीं हुआ है। हमारा चार धाम मार्ग कुछ क्षेत्रों को छोड़कर ज्यादातर खुला है। सोनप्रयाग-गौरीकुंड के बीच की सड़क पर मलबा है, यह रोजाना खुली रहती है। सिरोबगड़ में सड़क ज्यादातर दिनों में बंद रहती है।

### गुजरात के कच्छ में 3.3 तीव्रता का भूकंप

**अहमदाबाद (भाषा)।** गुजरात के कच्छ जिले में बृहस्पतिवार सुबह 3.3 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। भूकंप अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने यह जानकारी दी। गांधीनगर स्थित आईएसआर ने बताया कि सुबह नौ बजकर 52 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए और इसका केंद्र जिले के बेला से 16 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में स्थित था। जिला आपदा प्रतिक्रिया अधिकारी ने बताया कि भूकंप के कारण किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की खबर नहीं है।

### जगन्नाथ के चित्र वाले पायदान बिक्री पर रोष

**भुवनेश्वर (भाषा)।** ओडिशा में उस समय विवाद खड़ा हो गया जब यह बात सामने आई कि चीनी ई-कॉमर्स मंच 'अलीएक्सप्रेस' भगवान जगन्नाथ के चित्र वाले पायदान बेच रहा है। राज्य की उपमुख्यमंत्री परिदा ने भगवान जगन्नाथ के चित्र को पायदान पर छापने और उत्पाद बेचने के कृत्य को आपत्तिजनक बताते हुए इसकी आलोचना की और कंपनी से माफी मांगने को कहा। परिदा ने 'एक्स' पर कहा कि महाप्रभु जगन्नाथ प्रत्येक ओडिया की आत्मा और भावनाओं से गहराई से जुड़े हैं।

---

*बॉम्बे हाईकोर्ट ने पशु प्रेमियों की दायर याचिका पर सुनवाई की*

# कबूतरों को दाना चुगाना बनता है परेशानी, सेहत के लिए भी खतरा

**बीएमसी को दाना डालने वालों पर एफआईआर करने की इजादत दी**

एजेंसी ▶▶ मुम्बई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि कबूतरों के झुंड को दाना डालना सार्वजनिक रूप से परेशानी पैदा करने वाला है। यह मुद्दा जन स्वास्थ्य से जुड़ा है और सभी उम्र के लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर और संभावित खतरा है। 30 जुलाई को जस्टिस जीएस कुलकर्णी और जस्टिस आरिफ डॉक्टर की बेंच ने पशु प्रेमियों की दायर याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने मुंबई नगर निगम को दाना डालने वालों के खिलाफ एफआई दर्ज करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा कोर्ट ने बीएमसी को शहर के कबूतरखानों में कबूतरों के जमावड़े को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने और कड़े उपाय लागू करने का निर्देश भी दिया। दरअसल, 3 जुलाई को इसी मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बीएमसी को किसी भी पुराने विरासती




कबूतरखाने को ध्वस्त करने से रोक दिया था, लेकिन कहा था कि दाना डालने की अनुमति नहीं दे सकती। पल्लवी पाटिल, स्नेहा विसारिया और सविता महाजन ने याचिका में दावा किया था कि बीएमसी का यह काम पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का उल्लंघन करता है।

### मुंबई में दाना डालने वालों के खिलाफ यह हैं नियम

महाराष्ट्र सरकार ने 3 जुलाई 2025 को विधायी सदन में घोषणा की कि मुंबई के सभी 51 कबूतरखानों को तत्काल बंद किया जाएगा। उसी दिन बीएमसी को निर्देशित किया गया कि सारे फीडिंग स्पॉट बंद होने के बाद वहां पर दाना डालने वालों के खिलाफ 500 रुपये का जुर्माना लगाया जाए। कई मुंबई की रेसिडेंशियल सोसायटीज में यह नियम है कि कोई व्यक्ति खिड़की या बालकनी में कबूतरों को दाना नहीं डालेगा। ऐसा करने पर 500–1000 तक का फ्लैट-जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा महामारी रोग अधिनियम 1897 और महाराष्ट्र नगर पालिका अधिनियम 1949 की धारा 381 (बी) के तहत भी कार्रवाई की जाती है।

---

## बालटाल के रास्ते फिर शुरू अमरनाथ यात्रा



### चार लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए

**श्रीनगर(भाषा)।** भारी बारिश के कारण स्थगित अमरनाथ यात्रा बृहस्पतिवार को बालटाल मार्ग से फिर से शुरू हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम मार्ग पर तत्काल रखरखाव व मरम्मत कार्य किए जाने के कारण इस मार्ग से यात्रा स्थगित है। कश्मीर में मूसलाधार बारिश के कारण सड़कों पर आवाजाही असुरक्षित हो गई थी, जिसके बाद बुधवार को बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों पर तीर्थयात्रा स्थगित कर दी गई थी। बृहस्पतिवार को जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से बालटाल और नुनवान आधार शिविरों की ओर किसी भी काफिले को जाने की अनुमति नहीं होगी। पवित्र अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या गुरुवार को चार लाख के पार हो गई।

---

## 2008 बम विस्फोट मामले में विशेष अदालत ने सभी सात आरोपित बरी किए

# मालेगांव बम विस्फोट मामले में पांच जजों व दो एजेंसियां और 17 साल लंबा इंतजार

भाषा ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के मालेगांव में 2008 के बम विस्फोट मामले में लगभग 17 वर्ष तक चले मुकदमे के दौरान न केवल जांच एजेंसियां बदलीं, बल्कि पांच अलग-अलग न्यायाधीशों ने भी मामले पर सुनवाई की। एक विशेष अदालत ने इस मामले में भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी सातों आरोपियों को बृहस्पतिवार को बरी करते हुए कहा कि उनके खिलाफ कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं हैं।' शुरुआत में मामले की जांच महाराष्ट्र के आतंकवाद-निरोधी दस्ते (एटीएस) ने की थी, जिसने 'अभिनव भारत' समूह के सदस्य रहे दक्षिणपंथी चरमपंथियों पर दोष मढ़ा था। बाद में जांच एनआईए को सौंप दी गई, जिसने ठाकुर को क्लीन चिट दे दी थी। आरोपियों में से एक, समीर कुलकर्णी ने कहा कि यह सबसे लंबे समय तक चलने वाले मुकदमों में से एक था। उन्होंने अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष, दोनों पर मुकदमे में तेज़ी लाने में विफल रहने का आरोप लगाया। कुलकर्णी ने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर करके मुकदमे की सुनवाई में तेजी लाने का भी अनुरोध किया था। कुलकर्णी को आखिरकार मामले में बरी कर दिया गया है। उन्होंने पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित और अन्य अभियुक्तों की प्रारंभिक रिमांड को लेकर फैसले दिए थे। न्यायाधीश शिंदे ने एक महत्वपूर्ण फैसले में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के इस्तेमाल को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि कोई भी आरोपी किसी संगठित अपराध गिरोह का हिस्सा नहीं था। उन्होंने कहा कि मकोका लगाने की यह कानूनी शर्त कि किसी आरोपी के खिलाफ एक से ज़्यादा आरोप-पत्र दाखिल होने चाहिए, पूरी नहीं हुई। हालांकि, बाद में राज्य सरकार की अपील पर बंबई उच्च न्यायालय ने मकोका को बहाल कर दिया था। न्यायाधीश शिंदे के बाद विशेष न्यायाधीश एस.डी. टेकाले ने 2015 से 2018 तक सुनवाई की, जब तक कि वार्षिक न्यायिक नियुक्तियों के दौरान उनका तबादला नहीं हो गया। न्यायाधीश टेकाले ने ही प्रज्ञा ठाकुर को क्लीन चिट देने के राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के फैसले को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि प्रथम दृष्टया उन पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं।

### न्यायाधीशों के तबादले से मुकदमे में वास्तव में बाधा आई



*विस्फोट के कई पीड़ितों की पैरवी करने वाले अधिवक्ता शहीद नदीम ने स्वीकार किया कि न्यायाधीशों के बार-बार तबादले से मुकदमे में वास्तव में बाधा आई। मामले में भारी-भरकम रिकॉर्ड के कारण हर नए न्यायाधीश को नए सिरे से शुरुआत करनी पड़ी, जिससे प्रक्रिया में और देरी हुई। इस मामले की सुनवाई करने वाले पहले विशेष न्यायाधीश वाई. डी. शिंदे थे।*

### कोर्ट ने प्रथम दृष्टया सबूतों का हवाला दे मुकदमा चलाया

*हालांकि, अदालत ने प्रथम दृष्टया सबूतों का हवाला देते हुए उनके खिलाफ मुकदमा चलाया। प्रारंभ में अभियुक्तों को रिमांड पर भेजने से लेकर आरोप-पत्र दाखिल करने, आरोप तय करने, मुकदमे की शुरुआत और अंततः फैसला सुनाए जाने तक,*



*यह मामला 2008 से 2025 के बीच पांच न्यायाधीशों की नजरों से गुजरा। विस्फोट के पीड़ितों और अभियुक्तों, दोनों ने न्यायाधीशों के बार-बार बदले जाने को मुकदमे की गति धीमी करने और इसमें लंबी देरी का एक महत्वपूर्ण कारण बताया।*

### विशेष न्यायाधीश ने 2018 में आरोप तय किए

इसके बाद, विशेष न्यायाधीश वीएस पडलकर ने कार्यभार संभाला और अक्टूबर 2018 में ठाकुर, पुरोहित और पांच अन्य के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय किए। उनके कार्यकाल में पहले गवाह से पूछताछ के साथ मुकदमा आधिकारिक रूप से शुरू हुआ। न्यायाधीश पी.आर. सित्रे ने 2020 में पडलकर की सेवानिवृत्ति के बाद उनका स्थान लिया। हालांकि, कोविड-19 महामारी के कारण मुकदमे में कुछ समय के लिए रुकावट आई। इन चुनौतियों के बावजूद, न्यायाधीश सित्रे ने अपने एक साल से थोड़े अधिक समय के कार्यकाल में 100 गवाहों से पूछताछ की। जब 2022 में न्यायाधीश सित्रे का तबादला होना था, तो विस्फोट पीड़ितों ने बंबई उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि आगे मुकदमे में और देरी से बचने के लिए तबादले पर रोक लगाई जाए। न्यायाधीश सित्रे के तबादले के बाद, विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने जून 2022 में मुकदमे की सुनवाई अपने हाथ में ले ली। अप्रैल 2025 तक न्यायाधीश लाहोटी ने मुकदमे की सुनवाई जारी रखी। अप्रैल में जब उनका नासिक तबादला होना था, तब पीड़ितों ने उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश को फिर से पत्र लिखकर तबादले पर रोक लगाने का अनुरोध किया, क्योंकि मुकदमा लगभग पूरा होने वाला था। उनकी याचिका पर विचार करते हुए विशेष एनआईए न्यायाधीश के रूप में न्यायाधीश लाहोटी का कार्यकाल अगस्त 2025 के अंत तक बढ़ा दिया गया, जिससे उन्हें मुकदमा पूरा करने की अनुमति मिल गई।

### फैसले से सच सामने आ गया है: आंबेकर

**नागपुर (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बृहस्पतिवार को मालेगांव विस्फोट मामले में सभी सात आरोपियों को बरी करने के अदालत के फैसले की सराहना की और कहा कि इससे सच सामने आ गया है। आंबेकर ने कहा कि कुछ लोगों ने 'अपने निजी और राजनीतिक कारणों से' इस मुद्दे को उठाया था और 'पूरे हिंदू समुदाय और हिंदू धर्म को आतंकवाद से जोड़ने' की कोशिश की थी।



### कोर्ट के फैसले को चुनौती दे सरकार

**छत्रपति संभाजीनगर।** एआईएमआईएम के नेता इम्तियाज जलील ने बृहस्पतिवार को मांग की कि महाराष्ट्र सरकार 2008 के मालेगांव बम विस्फोट मामले में सात आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दे। विशेष अदालत ने पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी सात आरोपियों को गुवार को बरी कर दिया। औरंगाबाद के पूर्व सांसद ने कहा कि यदि आरोपियों को बरी किये जाने को (उच्च न्यायालय में) चुनौती नहीं दी जाती है तो सुको स्वतः संज्ञान लेकर सरकार को निचली अदालत के आदेश के खिलाफ अपील करने का निर्देश दे सकता है।

---

### रूस ने कीव पर मिसाइल और ड्रोन से किया हमला

**कीव (एजेंसी)।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी पर रात में मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया जिसमें छह साल के बच्चे सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। यूक्रेनी अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कीव सिटी सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने कहा कि हमलों में कम से कम 52 अन्य लोग घायल हुए हैं तथा यह संख्या बढ़ने की आशंका है। तकाचेंको ने बताया कि इस हमले से नौ मंजिला आवासीय इमारत का एक बड़ा हिस्सा ढह गया।

■ छह की मौत और 52 लोग घायल

### यूक्रेनी संसद ने भ्रष्टाचार-रोधी निगरानी संस्थाओं की स्वतंत्रता बहाल की

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन की संसद ने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की द्वारा प्रस्तुत उस विधेयक को मंजूरी दे दी है, जो देश के दो प्रमुख भ्रष्टाचार-रोधी निगरानी संस्थाओं की स्वतंत्रता को बहाल करता है। यह विधेयक पिछले सप्ताह जेलेंस्की द्वारा उठाए गए उस विवादास्पद कदम को पलटता है, जिसके कारण भ्रष्टाचार-रोधी निगरानी संस्थाओं की शक्तियों पर अंकुश लगा था और इसका काफी विरोध हुआ था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जेलेंस्की के नए प्रस्ताव को 331 वोट के साथ मंजूरी मिल गई।

■ 331 वोट के साथ सदन से मंजूरी

---

## नौसेना ने नया युद्धपोत 'हिमगिरी' लॉन्च किया



*मुंबई। भारतीय नौसेना ने हाल ही में प्रोजेक्ट 17ए के तहत निर्मित एक नया युद्धपोत, हिमगिरी लॉन्च किया है। यह जहाज स्टील्थ तकनीक से लैस है, जिसका मतलब है कि यह दुश्मन के रडार की पकड़ में आसानी से नहीं आएगा। हिमगिरी को गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा बनाया गया है और यह नीलगिरि श्रेणी के युद्धपोतों का हिस्सा है। हिमगिरी को बनाने में 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जो भारत की "मेक इन इंडिया" पहल का हिस्सा है। दुश्मन के रडार के लिए इस जहाज का पता लगाना मुश्किल हो जाता है। इसमें ब्रह्मोस मिसाइलें लगी हैं।*

---

*8वीं संयुक्त रक्षा समिति की बैठक*

## भारत, ब्राजील रक्षा संबंधों और सैन्य सहयोग को बढ़ावा देंगे

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

■ दोनों देशों के शीर्ष अधिकारियों ने ब्राजील में की महत्वपूर्ण बैठक

भारत और ब्राजील के शीर्ष अधिकारियों ने ब्राजील में एक महत्वपूर्ण रक्षा बैठक की, जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत और लैटिन अमेरिका में क्षेत्रीय सुरक्षा को मज़बूत बनाना और सैन्य सहयोग व रक्षा उद्योग संबंधों को प्रगाढ़ करना था। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि 30 जुलाई को ब्रासीलिया में 8वीं संयुक्त रक्षा समिति की बैठक हुई।

मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि संयुक्त सचिव (आईसी) श्री विश्वेश नेगी और नीति एवं रणनीति के उप प्रमुख मेजर जनरल विलेन कोजी कामेई के नेतृत्व में हुई वार्ता में हिंद-प्रशांत और लैटिन अमेरिका में सैन्य सहयोग, प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग संबंधों और क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। पोस्ट के साथ बैठक की तस्वीरें भी साझा की गई थीं। मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि संयुक्त सचिव (आईसी) श्री विश्वेश नेगी ने ब्रासीलिया में 8वीं संयुक्त रक्षा समिति की बैठक के दौरान ब्राजीलियाई सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ जॉइंट स्टाफ, फ्लीट एडमिरल रेनाटो रोड्रिग्स डी अगुइर फ्रेयर से मुलाकात की। ब्राजील में भारत के राजदूत डॉ. दिनेश भाटिया भी इस अवसर पर उपस्थित थे।"

---

## ट्रंप की मनमानी पर अमेरिका में ही घमासान

*12 राज्यों और छोटे व्यापारियों ने दी चुनौती*

# टैरिफ पावर पर आज यूएस कोर्ट लेगी फैसला, हारे तो सुप्रीम कोर्ट जाना होगा

**वॉशिंगटन(एजेंसी)।** डोनाल्ड ट्रंप पिछले कुछ दिनों से कई देशों पर टैरिफ की घोषणा कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने भारत पर भी 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। फिलिस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा देने वाले बयान पर कनाडा को व्यापारिक समझौते के नाम पर धमकी दी है। ट्रंप के मनमाने टैरिफ ऐलान पर अमेरिका में ही घमासान मचा हुआ है।अब अमेरिका की अदालत इस बात पर फैसला लेगी कि क्या ट्रंप ने विदेशी सामानों पर आयात शुल्क लगाकर अपने संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया है या नहीं? अमेरिका के 12 राज्यों और छोटे व्यापारियों ने ट्रंप के टैरिफ पावर को अदालत में चुनौती दी है।

### ट्रंप ने 'विशाल तेल भंडार' विकसित करने के लिए पाक संग व्यापार समझौते की घोषणा की

*न्यूयॉर्क/वाशिंगटन(एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है और कहा है कि अमेरिका "विशाल तेल भंडार" विकसित करने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करेगा। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि ट्रंप पाकिस्तान में किस विशाल तेल भंडार की बात कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर यह भी सवाल उठाया कि क्या पाकिस्तान ₹कभी₹ भारत को तेल बेच सकता है। ट्रंप ने बुधवार को 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, ₹हमने अभी-अभी पाकिस्तान के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत अमेरिका पाकिस्तान के विशाल तेल भंडार को विकसित करने के लिए मिलकर काम करेगा।₹ उन्होंने कहा, ₹हम उस तेल कंपनी को चुनने की प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं जो इस साझेदारी का नेतृत्व करेगी। कौन जानता है, शायद वे किसी दिन भारत को तेल बेचेंगे!₹ पाकिस्तान लंबे समय से अपने अपतटीय क्षेत्र पर बड़े तेल भंडार होने का दावा करता रहा है, लेकिन इन भंडारों का दोहन करने में कोई प्रगति नहीं हुई है। वह इन भंडारों का दोहन करने के लिए निवेश आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है। देश फिलहाल अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पश्चिम एशिया से तेल आयात करता है। पाक पीएम शहबाज शरीफ़ ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर ट्रंप को इस ऐतिहासिक व्यापार समझौते के लिए धन्यवाद दिया।*



---

*दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति मुश्किल में*

## पूछताछ के लिए दूसरी बार आज जारी होगा 'डिटेंशन

एजेंसी ▶▶ सियोल



दक्षिण कोरिया की एक स्पेशल काउंसिल टीम ने गुरुवार को बताया कि वह जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पूछताछ हेतु जबरन लाने के लिए इस हफ्ते 'डिटेंशन वारंट' जारी करेगी। स्पेशल काउंसिल मिन जोंग-की की टीम के अनुसार, वह शुक्रवार सुबह 9 बजे राजधानी के दक्षिण में उइवांग स्थित सोल हिरासत केंद्र में एक सहायक विशेष वकील, एक अभियोजक और जांचकर्ताओं को भेजने की योजना बना रही है। इससे पहले सोल सेंट्रल जिला अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून के खिलाफ एक गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यून पर दिसंबर में मार्शल लॉ थोपने की नाकाम कोशिश के आरोप हैं। वह फिलहाल हिरासत में हैं। यून ने इस हफ्ते पूछताछ के लिए भेजे गए दो समन की अवहेलना की, जिसके चलते अदालत को यह कदम उठाना पड़ा। मिन की टीम, यून और उनकी पत्नी किम कीओन ही पर लगे आरोपों की जांच कर रही है।

---

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने किया बड़ा खुलासा


*यूरोप और अमेरिका में कई आतंकी साजिशें आईएसआईएस से प्रेरित*

# अफ्रीका-सीरिया में बढ़ा इस्लामिक स्टेट और अल-कायदा का खतरा

### यमन-सोमालिया के बीच खतरनाक गठजोड़

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को सौंपी गई एक नई रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया है कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) और अल-कायदा जैसे चरमपंथी संगठनों का खतरा अफ्रीका के कुछ हिस्सों में सबसे ज्यादा है और अब यह खतरा सीरिया में भी तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों आतंकी संगठन सीरिया को भविष्य के लिए एक रणनीतिक केंद्र के रूप में देख रहे हैं जहां से वे बाहरी हमले संचालित कर सकते हैं। पश्चिम अफ्रीका में अल-कायदा से जुड़ा समूह 'जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन' (जेएनआईएम) और पूर्वी अफ्रीका में 'अल-शबाब' संगठन लगातार अपने प्रभाव वाले इलाकों का विस्तार कर रहे हैं।



*रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पूर्वी अफ्रीका में अल-शबाब और यमन के हूती विद्रोहियों के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं। दोनों के बीच हथियारों की अदला-बदली और प्रशिक्षण की साझेदारी हो रही है, जिससे क्षेत्र में खतरा और बढ़ गया है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि इन गतिविधियों पर रोक नहीं लगी तो ये संगठन अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए और बड़ा संकट बन सकते हैं।*

### फिर सिर उठा रहा आतंक

सीरिया में बशर अल-असद के सत्ता से हटने के छह महीने बाद भी हालात अस्थिर बने हुए हैं। वहां दोनों आतंकी संगठनों के खतरे बढ़ते जा रहे हैं। दिसंबर 2023 में दमिश्क पर कब्जे की सैन्य कार्रवाई में 5,000 से ज्यादा विदेशी आतंकियों के शामिल होने की जानकारी सामने आई है। यूरोप और अमेरिका के लिए इस्लामिक स्टेट का खतरा अब भी गंभीर है। अमेरिका में कई आतंकी साजिशें आईएसआईएस से प्रेरित पाई गई हैं, जिनमें सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म्स के जरिए कट्टरपंथ फैलाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, न्यू ऑरलियन्स में एक हमले में 14 लोगों की मौत और मिशिगन में एक सैन्य ठिकाने पर हमले की योजना नाकाम की गई।

### फंडिंग के लिए नए तरीके

*रिपोर्ट में बताया गया कि ये आतंकी संगठन धन जुटाने के लिए क्षेत्रीय संसाधनों का दोहन, समुदायों पर टैक्स, फिरौती के लिए अपहरण और व्यापारिक नेटवर्क का इस्तेमाल करते हैं। साथ ही अब वे महिला दूतों और 'हवाला' जैसी प्रणालियों के जरिए फंड ट्रांसफर कर रहे हैं ताकि पहचान से बचा जा सके।*

---

### पाकिस्तान ने चीन से रिमोट सेंसिंग उपग्रह प्रक्षेपित किया

**इस्लामाबाद/बीजिंग (भाषा)।** पाकिस्तान ने जलवायु परिवर्तन से संबंधित खतरों की निगरानी और प्रतिक्रिया की अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए चीन के सिचुआन प्रांत से एक नए रिमोट सेंसिंग उपग्रह का बृहस्पतिवार को प्रक्षेपण किया। पाकिस्तान के अंतरिक्ष एवं ऊपरी वायुमंडल अनुसंधान आयोग (सुपरको) के तकनीकी सहयोग से शीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र पर कुआइझोउ-1ए (केजेड-1ए) रॉकेट के जरिये पाकिस्तान रिमोट-सेंसिंग सैटेलाइट (पीआरएसएस-1) को प्रक्षेपित किया गया। चीनी एजेंसी 'शिन्हुआ' के अनुसार, पीआरएसएस-1 अपनी निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर चुका है। उपग्रह का उपयोग मुख्य रूप से भूमि संसाधन सर्वेक्षण और आपदा प्रतिक्रिया से जुड़े क्षेत्रों में किया जाएगा। यह उपग्रह बाढ़, भूस्खलन, ग्लेशियर पिघलने और वनों की कटाई जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

■ पीआरएसएस-1 अपनी निर्धारित कक्षा में किया प्रवेश

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25